दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। रविवार 11 अगस्त -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 303 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



**श्री दीपक भाटी जी**
(समाचार संपादक)
को करंट क्राइम परिवार की ओर से
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday

# आमंत्रण

दैनिक
# करंट क्राइम



## की ओर से
# श्रावण मास
## के पावन अवसर पर
# विशाल भंडारा
# आज, 11 अगस्त 2024
## आप सादर आमंत्रित हैं !

**समय : अपराह्न 12:30 बजे से प्रभु इच्छा तक**

**स्थान:- के 4, ए ब्लॉक, गोविंदपुरम, कमर्शियल एरिया, निकट एलजी शोरूम, गाजियाबाद**

**निवेदक:- समस्त करंट क्राइम परिवार**

**संपर्क सूत्र:- 9810910900 / 9899655497 / 9958431088 / 9958862507**



# अस्पताल में महिला डॉक्टर की हत्या का मामला

## छात्र संगठनों का सड़क जाम कर प्रदर्शन, बीजेपी ने की सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता ने मामले की जांच के लिए 11 सदस्यीय समिति का गठन करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की। दरअसल, इस जांच समिति में प्रशिक्षु भी शामिल हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर इस मामले को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया है। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सेमिनार रूम में शुक्रवार सुबह एक जूनियर महिला डॉक्टर की हत्या कर दी गई। सेमिनार हॉल से उसका अर्धनग्न शरीर बरामद किया गया था। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह मामला अब राजनीतिक रूप ले चुका है। जहां एक तरफ वामपंथी छात्र संगठन विरोध प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतर आए हैं तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रही है।





### वामपंथी छात्र संगठन करेंगे विरोध प्रदर्शन

वामपंथी छात्र संगठन ने कहा कि वे इस हत्या के विरोध में शनिवार और रविवार को पूरे पश्चिम बंगाल में सड़क जाम करेंगे। छात्र संगठन के इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल होने पहुंचे। एक कांग्रेसी कार्यकर्ता ने कहा, ₹हम चाहते हैं कि मामले की जांच के लिए जो समिति बनाई गई है, उसमें निष्पक्ष जांच के लिए कांग्रेस का भी प्रतिनिधित्व हो।₹ मृतक के परिवार को न्याय दिलाने के लिए नर्सों ने भी रैली निकाली। बता दें कि मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में अब सच्चाई को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, पुलिस ने बताया कि पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट में भी हत्या से पहले दुष्कर्म की पुष्टि की गई है।

### भाजपा ने की सीबीआई जांच की मांग

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने छात्र संगठनों से राज्य सरकार की असुविधाजनक प्रतिक्रिया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की भी अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि मृतक के शरीर में चोट के निशान थे। शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर कहा, आरजी कर मेडिकल कॉलेज में पोस्ट ग्रेजुएट की द्वितीय वर्ष की छात्रा का शव इमरजेंसी बिल्डिंग के तीसरी मंजिल में संदिग्ध हालत में मिला। उसके शरीर में चोट के निशान थे। उन्होंने कुछ रिपोर्ट्स का जिक्र किया, जिसमें पीड़िता का गला घोंटने और दुष्कर्म का दावा किया गया था। भाजपा नेता ने मामले की जांच के लिए 11 सदस्यीय समिति का गठन करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की। दरअसल, इस जांच समिति में प्रशिक्षु भी शामिल हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर इस मामले को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया है।

### टीएमसी ने भी प्रतिक्रिया दी

इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद सौगत राय ने कहा कि उन्होंने दस्तावेजों की समीक्षा की है और उम्मीद जताई की आरोपियों को जल्द जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। शुक्रवार की शाम को छात्र संगठनों ने शहर में कैंडल मार्च निकाला। भाजपा विधायक अग्निमित्र पाल ने भी इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए दोबारा पोस्टमॉर्टम कराने की मांग की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार के अस्पताल द्वारा दोबारा पोस्टमॉर्टम जरूरी है।

# कानून-व्यवस्था से चिंतित गडकरी ने एनएचएआई प्रोजेक्ट को लेकर सीएम मान को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में हो रही दिक्कतों का जिक्र किया है। नितिन गडकरी ने कहा कि एनएचएआई ने पंजाब में तीन परियोजनाएं पहले ही बंद कर दी हैं, जिनकी लंबाई 104 किलोमीटर और लागत 3263 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे सहित पंजाब में कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं चल रही हैं। लेकिन, इन परियोजनाओं में सुरक्षा और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी गंभीर समस्याएं आ रही हैं। उन्होंने दो घटनाओं का जिक्र किया, जिनमें एक्सप्रेसवे परियोजना के इंजीनियर की जालंधर में बेरहमी से पिटाई की गई और लुधियाना में परियोजना कैंप पर हमला किया गया। इंजीनियरों को प्रोजेक्ट कैंप और उनके कर्मचारियों को जिंदा जलाने की धमकी भी दी। गडकरी ने मांग की है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए। गडकरी ने लिखा, मैं अनुरोध करता हूं कि राज्य सरकार तुरंत सुधारात्मक उपाय करे, एफआईआर दर्ज करे और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और एनएचएआई अधिकारियों और रियायत कताओं के कर्मचारियों का विश्वास बहाल हो सके। गडकरी ने चेतावनी दी है कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो 8 और परियोजनाएं बंद करनी पड़ सकती हैं, जिनकी लंबाई 293 किलोमीटर और लागत 14288 करोड़ रुपये है। उन्होंने आगे लिखा कि इन मामलों में आपके व्यक्तिगत हस्तक्षेप का ईमानदारी से अनुरोध करता हूं, जो एनएच परियोजनाओं में लंबित मुद्दों को हल करने में लंबा रास्ता तय करेगा, जिससे पंजाब में एनएच बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी आएगी।



# आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करे केंद्र सरकार : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने और उपवर्गीकरण को लेकर दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ संसद में कानून लाकर अपनी स्थिति स्पष्ट करे। बसपा सुप्रीमो मायावती शनिवार को पत्रकारों से बातचीत कर रही थी।



उन्होंने कहा कि केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े इस बेहद महत्वपूर्ण मामले पर मजबूती से पैरवी नहीं की, नहीं तो इस तरह का निर्णय न होता। इसी सत्र में संविधान में संशोधन न लाकर सत्र को स्थगित करना केंद्र सरकार की सोची समझी साजिश है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला अब बना रहेगा। पीएम ने अभी तक अधिकृत तौर पर कोई आश्वासन भी नहीं दिया है। केंद्र की सरकार ने समय समय पर आरक्षण को खत्म करने की साजिश की है। आरक्षण से मिलने वाले लाभ और नौकरी में आरक्षण की व्यवस्था न करना बड़ी साजिश है। उन्होंने कहा कि देश के सभी एससी/एसटी वर्ग के सांसद, विधायक और अन्य पद पर बैठे लोगों को सजग रहने की जरूरत है। अगर ऐसा रहा तो आने वाले समय में आरक्षण को खत्म कर दिया जाएगा। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी आरक्षण की व्यवस्था हो। एससी/एसटी वर्ग के लोग न्यायालय में रहेंगे तभी इस वर्ग के लिए सही फैसला देंगे।

उन्होंने कहा कि ये केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि जातीय जनगणना करवाई जाए। बसपा पहले से ही इसके पक्ष में रही है। बसपा मुखिया मायावती ने कहा कि भाजपा-कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पहले से ही एससी-एसटी वर्गों के आरक्षण के खिलाफ रही है। लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस-सपा व अन्य दलों ने आरक्षण और संविधान बचाने की बात कहकर इन वर्गों का समर्थन हासिल कर लिया जिससे इन वर्गों की सच्ची हितैषी बसपा को नुकसान हुआ। अब ये दल भी चुप बैठ गए हैं। इन्हें भी अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

# पीएम मोदी के वायनाड दौरे पर बोले कांग्रेस सांसद जयराम रमेश 'अच्छा होगा अगर मणिपुर भी जाएं....'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वायनाड दौरे पर शनिवार को कांग्रेस ने प्रतिक्रिया दी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वायनाड में भूस्खलन से करीब 300 लोगों की मौत हो गई। हमारी मांग थी कि इस घटना को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। आज प्रधानमंत्री ने वायनाड का दौरा किया है। अच्छा होगा अगर वह मणिपुर भी जाएं।



### 'जनता के मुद्दों को नहीं सुन रही सरकार'

कांग्रेस सासंद रमेश ने कहा, बजट से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। संसद के दोनों सदनों में विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने जनता की चिंताओं और मुद्दों को उठाया। हम यह बताने में सफल रहे कि बजट में क्या दावे किए गए थे और हकीकत क्या है। (नेता प्रतिपक्ष) राहुल गांधी ने किसानों और युवाओं के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। कई प्रतिनिधिमंडल राहुल गांधी से मिल रहे हैं, क्योंकि सरकार की तरफ से उनकी कोई नहीं सुन रहा है। लोग चिंतित हैं कि सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है।

### 'सर्वदलीय बैठक में क्यों नहीं आते पीएम मोदी?'

उन्होंने आगे कहा, सरकार ने एक अच्छा कदम उठाते हुए सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें विदेश मंत्री ने बांग्लादेश के हालात से विपक्ष को अवगत कराया। लेकिन, अच्छा होता अगर पीएम मोदी भी बैठक का हिस्सा होते। उन्होंने पूछा, 26 मार्च 1971 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। प्रधानमंत्री सर्वदलीय बैठक में शामिल क्यों नहीं होते? वह कितनी बार संसद आते हैं?

### पीएम के खिलाफ दिए विशेषाधिकार हनन के नोटिस

रमेश ने कहा, इस सत्र में जब राहुल गांधी संसद को संबोधित कर रहे थे तो वह (पीएम) उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए दो बार खड़े हुए थे। मैंने प्रधानमंत्री के खिलाफ दो विशेषाधिकार हनन नोटिस दिए। लोकसभा में उन्होंने भारत के पूर्व राष्ट्रपति हामिद अंसारी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। राहुल गांधी को लेकर अनुराग ठाकुर की टिप्पणी को लोकसभा के रिकॉर्ड से हटा दिया गया था। लेकिन उन टिप्पणियों को पीएम मोदी ने ट्वीट किया था उन्होंने कहा, मैंने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ भी विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव दायर किया।

### 'वायनाड में भूस्खलन पर झूठ बोल रहे गृह मंत्री'

कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर उन्होंने वायनाड भूस्खलन को लेकर केरल सरकार को पहले ही चेतावनी दी थी तो इसके सबूत कहां हैं? वह झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, ₹संविधान की प्रस्तावना को एनसीईआरटी की विभिन्न पुस्तकों से हटा दिया गया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने किताब लाकर राज्यसभा में दिखाई। इस संबंध में शिक्षा मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया।

### वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पर भी बोले कांग्रेस सांसद

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर कांग्रेस सांसद ने कहा, वक्फ बोर्ड (संशोधन) विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया है। यह असंवैधानिक और आपत्तिजनक कृत्य है। कई दलों ने इसको लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। रिपोर्ट पेश की जाएगी और उस पर चर्चा होगी। विपक्ष के दबाव के कारण सरकार को इसे संयुक्त संसदीय समिति को सौंपना पड़ा।

### कांग्रेस की मांग- जाति जनगणना कराना जरूरी

जाति जनगणना के मुद्दे पर रमेश ने कहा, पिछले डेढ़ साल से कांग्रेस पार्टी मांग कर रही है कि जाति जनगणना कराना जरूरी है, ताकि समाज के वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय मिल सके। दूसरी मांग यह है कि संसद को एक कानून पारित करना चाहिए, ताकि आरक्षण 50 फीसदी की सीमा से अधिक हो सके। इस सत्र में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने इन मांगो को दोहराया।

## न्यूज डायरी

### पश्चिम बंगाल सरकारी आतंक का खौफनाक प्रदेश बन गया है : भाजपा




**नई दिल्ली।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ लगातार हो रहे अपराध की घटनाओं के लिए राज्य की टीएमसी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि राज्य सरकारी आतंक का खौफनाक प्रदेश बन गया है। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कोलकाता के सरकारी हॉस्पिटल में पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी महिला डॉक्टर की डेड बॉडी मिलने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि ये कहना गलत नहीं होगा कि पश्चिम बंगाल आज सरकारी आतंक का खौफनाक प्रदेश बन गया है। ये चिंताजनक है कि जहां एक महिला मुख्यमंत्री है, वहां महिला ही सुरक्षित नहीं है। ये ममता की निर्ममता है।

संदेशखाली के आरोपी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संदेशखाली के आरोपी को ममता बनर्जी ने संरक्षण दिया।अब एक और दुखद घटना सामने आई है। अगर महिला के साथ दुराचार हो, तो मुख्यमंत्री पुरुष हो या महिला उसे पीड़िता के साथ खड़े होना चाहिए। लेकिन दुख की बात है कि पश्चिम बंगाल में जब भी महिलाओं के खिलाफ कोई अपराध होता है तो वहां हर बार प्रथम दृष्टया आरोपी का रिश्ता तृणमूल कांग्रेस से ही निकल कर सामने आता है। हर अपराधी के मन में भावना होती है कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता क्योंकि प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का हाथ उसके सिर पर है। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने तीखे शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था ध्वस्त है और हर बार की तरह ममता बनर्जी मस्त हैं। वह पीड़िता के परिवार से बात नहीं करती और ऐसा व्यवहार कर अपने कैडर को संदेश देती है कि वह कुछ भी अपराध कर लें, लेकिन कानून उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट को ही ममता सरकार को फटकार लगानी पड़ती है।

राहुल गांधी से मुलाकात करने वाले व्यक्तियों पर लग रहे आरोप के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं, एक जिम्मेदार पद पर हैं। क्या ऐसे व्यक्ति का यह कर्तव्य नहीं बनता कि उन्हें किसी भी व्यक्ति या प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करने से पहले यह पता कर लेना चाहिए कि भारत को लेकर उसकी सोच क्या है। भारत की विदेश नीति के अनुसार कार्य करना हर भारतीय का कर्तव्य है। आप किसी दूसरे देश के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले से मिलते हैं। क्या राहुल गांधी ही ऐसे लोगों को उकसाते हैं ? क्या राहुल गांधी ही इस तरह की बातें करते हैं कि जिससे देश में आग लगे। लंदन में भी उनकी मुलाकात की खबरें आ रही हैं, सबने देखा कि हमारे पड़ोसी मुल्क ( बांग्लादेश ) में क्या हो रहा है ?

उन्होंने राहुल गांधी के विदेशी दौरे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रताड़ित होने पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा दोनों बिल्कुल चुप हैं। मनीष सिसोदिया के जमानत पर बाहर आने के बाद आ रहे आप नेताओं के बयान पर कटाक्ष करते हुए भाटिया ने कहा कि आप का सारा ध्यान शराब घोटाले के किंगपिन अरविंद केजरीवाल को निकालने की कोशिशों पर लगा हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में है और उपमुख्यमंत्री बेल पर है। लेकिन आम आदमी पार्टी के नेताओं को कोई ग्लानि नहीं है। सिर्फ जमानत मिलने पर ऐसा जश्न मनाते है जैसा कि भारत रत्न का पुरस्कार मिला है।

# विनेश फोगाट के साथ कुछ खेल किया गया है: मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली।** 17 महीने बाद बेल पर रिहा हुए दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने दिल्ली स्थित आम आदमी पार्टी कायार्लाय में कार्यकताओं को संबोधित किया। मनीष सिसोदिया ने अपने संबोधन में पेरिस ओलंपिक से बाहर हुई स्टार पहलवान विनेश फोगाट का भी जिक्र किया। सिसोदिया ने कहा कि मैं एक साल से जेल में टीवी ही देख रहा था। टीवी पर न्यूज के माध्यम से आप लोगों के बारे में पता चलता था। मैंने देखा कि देश के एक गांव से हमारी बेटी निकलकर खेलों में देश का परचम दुनियाभर में लहराती है और जब वह कहती है कि आपकी पार्टी के एक नेता ने हमें छेड़ा है तो आप उसे गिरफ्तार तक नहीं करते। हमारी उस बेटी के खिलाफ सोशल मीडिया ट्रोलिंग करवाई जाती है। यह तानाशाही नहीं है तो क्या है बताइए। तानाशाही देखिए, उसे गिरफ्तार नहीं किया जाता है। खिलाड़ी जंतर-मंतर पर बैठी रहती हैं। हमें सहन होगा कोई हमारी बेटी को छेड़े। तानाशाही का चरम स्वरूप हमने देखा कि उस बेटी के साथ क्या हुआ। आज उसके आंसू बहें हैं तो कुछ तो खेल किया गया है। बता दें कि पेरिस ओलंपिक में 50 किलोग्राम वर्ग में वजन सीमा अधिक होने के कारण विनेश फोगाट को बाहर का रास्ता दिखाया गया था। उनके बाहर होने से भारत का एक और पदक पाने का सपना भी अधूरा रह गया। वहीं, विनेश फोगाट ने संन्यास का ऐलान कर दिया। विनेश ने एक्स पर पोस्ट किया। मां कुश्ती मेरे से जीत गई मैं हार गई माफ करना आपका सपना मेरी हिम्मत सब टूट चुके इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब। अलविदा कुश्ती 2001-2024 आप सबकी हमेशा ऋणी रहूंगी। हालांकि, विनेश के चाचा महाबीर फोगाट ने कहा है कि वह जब भारत लौटेंगी तो उन्हें परिवार के लोगों द्वारा उन्हें समझाया जाएगा और संन्यास का फैसला वापिस लेने को कहा जाएगा।



# कई भागों में झमाझम बरसे बादल, नाहन में घरों-दुकानों में घुसा मलबा, ऑरेंज अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में ऑरेंज अलर्ट के बीच भारी बारिश दर्ज की गई है। शुक्रवार रात को नाहन में 168.3, संधोल 106.4, नगरोटा सूरियां 93.2, धौलाकुआं 67.0, जुब्बरहट्टी 53.2, कंडाघाट 45.6, धर्मशाला 13.0, कांगड़ा 12.6 व नारकंडा में 19.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से आज भी राज्य के कई भागों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 11 से 16 अगस्त तक कुछ स्थानों के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश की राजधानी शिमला में भी शनिवार दोपहर को झमाझम बारिश शुरू हुई। पूरा शहर धुंध के आगोश में है। उधर, प्रदेश में जगह-जगह भूस्खलन से प्रदेश में 50 से अधिक सड़कें व पेयजल योजनाएं भी ठप हैं। कई भागों में बिजली आपूर्ति ठप है।



### नाहन में भारी बारिश से नाले में तब्दील हुई गलियां

जिला सिरमौर में रात को भारी बारिश हुई है। भारी बारिश के चलते जिले के कई स्थानों पर नुकसान के मामले सामने आए हैं। जिला मुख्यालय नाहन में भारी बारिश से गलियों ने नाले का रूप धारण कर लिया। वार्ड नंबर-5 के अमरपुर मोहल्ला में देर रात हुई भारी बारिश लोगों के लिए आफत बनकर आई। यहां बरसात का पानी मलबे के साथ लोगों के घरों समेत दुकानों में घुस गया।

# जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेताओं को बताया नकली राष्ट्रभक्त: कहा- उन्हें सिर्फ अपने परिवार की चिंता

**राजकोट।** गुजरात में भाजपा के तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करने के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। जेपी नड्डा ने कहा कि यह नकली राष्ट्रभक्ति दिखाने वाले लोग, राजनीति के चश्मे से देश को देखने वाले लोग और अपनी राजनीति के लिए समाज को बांटने वाले लोग जान लें कि भारत की युवा और यहां की जनता झूठ और सच को दूध और पानी की तरह अलग करेंगे और इन्हें सच बताएंगे।



### राहुल गांधी पर भी जेपी नड्डा ने साधा निशाना

इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेसियों को सिर्फ एक ही परिवार दिखाई देता है। वहीं राहुल गांधी का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि संकीर्ण मानसिकता वाले लोग भारत जोड़ो यात्रा के जरिए इंडिया को जोड़ रहे हैं, लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि इसी गुजरात की मिट्टी में जन्मे 'लौहपुरुष' सरदार पटेल ने आजादी के 2 साल के अंदर इन 562 रियासतों को जोड़कर एक महान भारत की रचना की थी।

### जेपी नड्डा ने कांग्रेस पार्टी पर लगाया आरोप

जेपी नड्डा ने इस दौरान देश की सबसे पुरानी पार्टी पर चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु और नेताजी सुभाष चंद्र बोस समेत अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भूलने का भी आरोप लगाया।उन्होंने कहा, मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज तक एक भी कांग्रेस नेता केवड़िया में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्प अर्पित करने नहीं गया, जिन्होंने 562 रियासतों को एक साथ लाकर इस महान भारत का निर्माण किया था।

### आप केवल एक परिवार को देखते हैं- जेपी नड्डा

उन्होंने कहा, अपने चश्मे से आप केवल एक परिवार को देखते हैं। आप चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को भूल जाते हैं। आप उन लाखों लोगों और नेताओं के योगदान को भूल जाते हैं जिन्होंने भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। आपको केवल एक परिवार याद है।

### 15 अगस्त चलेगी भाजपा की 'तिरंगा यात्रा'

बता दें कि भाजपा का ये अभियान आगामी 15 अगस्त तक देशभर के हर जिले, तालुका, गांव और घर तक पहुंचेगी। इस यात्रा के शुभारंभ के मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत गुजरात बीजेपी के तमाम नेता मौजूद रहे। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री और गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे, जहां जेपी नड्डा ने युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना योगदान देने का संकल्प लेने की अपील की।

# कमेडा में 12 घंटे बाद खुला हाईवे, फंसे लोगों ने ली राहत की सांस, यमुनोत्री में भू-कटाव



**चमोली।** ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे गोचर के पास कमेडा में 12 घंटे बाद खुल गया है। जिसके बाद जाम में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली। बीती रात को आई भारी बारिश के कारण हाईवे कमेडा में बंद हो गया था । तहसीलदार कर्णप्रयाग सुधा डोभाल ने बताया कि शुक्रवार रात्रि की भारी बारिश के चलते यहां पहाड़ी से मलबा गिरकर सड़क पर आ गया है। जिसके चलते यातायात बंद हो गया था। काफी संख्या में यहां वाहन फंसे हुए रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवे को खोलने के लिए सुबह सात बजे तक कोई जेसीबी मशीन नहीं आई थी। बदरीनाथ हाईवे पर कमेडा में स्लाईडिंग जोन है। हाईवे बंद होने से यहां सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में वाहन फंसे रहे। उधर यमुनोत्री में भी कृष्णा चट्टी में भू-कटाव हो रहा है। यमुनोत्री धाम सहित आसपास लगातार बारिश के चलते जानकीचट्टी फूलचट्टी के बीच कृष्णा चट्टी में यमुना नदी के कटाव से एक कच्चा ढाबा यमुना नदी में बह गया। जबकि एक अन्य ढाबे सहित बिजली की बड़ी लाइन पर लगा ट्रांसफर झूल रहा है। उत्तराखंड के अधिकतर जिलों के कुछ इलाकों में आज शनिवार को भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत टिहरी, बागेश्वर, उत्तरकाशी, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## वायनाड के पीड़ितों से मिले पीएम मोदी, मदद का दिया पूरा भरोसा






### वायनाड हादसे को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज केरल के भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिले का दौरा करने पहुंच रहे हैं। पीएम यहां राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही भूस्खलन वाले क्षेत्रों से निकाले गए लोगों से बातचीत करेंगे।

अधिकारियों के मुताबिक मोदी पूर्वाह्न करीब 11 बजे कन्नूर पहुंचेंगे जहां केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और राज्य सरकार के शीर्ष अधिकारी उनकी अगवानी करेंगे। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर से वायनाड के भूस्खलन प्रभावित इलाकों का जायजा लेंगे। अधिकारियों के अनुसार, बचाव अभियान में शामिल दल प्रधानमंत्री को निकासी प्रयासों के बारे में जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि मोदी राहत शिविर और अस्पताल जाएंगे जहां वह पीड़ितों और भूस्खलन वाले क्षेत्रों से निकाले गए लोगों से मुलाकात करेंगे।

**वायनाड हादसे के पीड़ित बच्चों से मिले पीएम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भूस्खलन से प्रभावित इलाके का दौरा किया। इसके बाद पीएम मोदी अहर अस्पताल पहुंचे। वहां पीएम मोदी ने मरीजों से बातचीत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने छोटे बच्चों को दुलारा भी।

**पीएम मोदी ने व्यथा सुना रहे पीड़ित का हाथ थाम लिया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत शिविर में लोगों से बातचीत की। उन्होंने लैंडस्लाइडिंग के पीड़ितों और बचे लोगों से घटना के बारे में पूछा। इस दौरान पीएम किसी को हाथ पकड़कर सांत्वना दी, किसी को कंधे थपाथपाकर ढांढस दिया। इस दौरान उन्होंने एक बच्ची से भी बात की।

**पीएम ने सीएमऔर अधिकारियों के साथ बैठक की :** पीड़ितों से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सीएम पिनाराई विजयन और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्हें हादसे और रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई। पीएम के साथ वायनाड गए केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी भी बैठक में शामिल थे। शाम को वे दिल्ली रवाना हो गए।


## इसे माना जाये ऑफिशियल फाल्ट या फिर हो गई गलती से मिस्टेक

## राष्ट्रीय झंडों का पहला रंग था गलत इसलिए 15 हजार झंडों में हो गया वापसी का रिटेक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गलती किसकी है और किसे ध्यान देना चाहिए था यह एक अलग विषय है लेकिन ऐसा हो गया और जिस कमी को नगर निगम और डूडा के अधिकारी नहीं पकड सके, उस कमी को भाजपा के पार्षद ने पकड़ा। उस कमी को कांग्रेस के पार्षद ने प्रमुखता से रखा और फिर राष्ट्रीय झंडे के रंग का यह मुद्दा पार्षद एकता नगर निगम के व्हाट्सऐप ग्रुप पर गूंजने लगा और फिर यह कमी अधिकारियों तक पहुंची और तुरंत ही 15 बोरे झंडे वापस लिये जाने का फरमान हुआ। गौरतलब है कि सरकार हर घर तिरंगा अभियान चला रही है और सरकारी विभाग अलग-अलग क्षेत्रों में राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर रहे हैं।

इसी कड़ी में डूडा द्वारा नगर निगम को 15 जार राष्ट्रीय झंडे भिजवाये गये थे। यह झंडे मोहन नगर जोन और वसुंधरा जोन में भेजे गये थे। ये झंडे 15 बोरों में पैक थे और हर बोरे में एक हजार झंडे थे। मोहन नगर जोन में भाजपा पार्षद हिमांशु शर्मा जब राष्ट्रीय ध्वज लेने के लिए पहुंचे तो उन्होंने सामान्य तौर पर बोरा खोल कर देख लिया और जब उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज का पहला ही रंग देखा तो वो दंग रह गये। राष्ट्रीय रंग का पहला रंग केसरिया होता है और यहां राष्ट्रीय ध्वज का पहला रंग लाल था। इस पर भाजपा पार्षद ने आब्जेक्शन किया और उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को फोन किया। निगम अधिकारियों ने तुरंत ही डूडा के अधिकारियों से सम्पर्क किया और उन्होंने उन्हें इस गलती के बारे में बताया और यहां नगर निगम के अधिकारियों ने इस मामले में बिना देरी किये सभी झंडे वापस लिये जाने का आदेश दिया। अभी यह घटना चल रही थी कि पता चला कि अन्य जोन में भी झंडे वितरित हुए हैं और वहां भी पहले रंग को लेकर आपत्ति आ रही है। कांग्रेस के पार्षद प्रवीण मुलायम ने आपत्ति जताई, उनके वार्ड में भी ऐसे लाल रंग के झंडे पहुंचे थे। देखते ही देखते झंडे के पहले रंग का लाल होना बवाल का कारण बनने लगा लेकिन निगम अधिकारियों ने समय रहते ही स्थिति पर काबू किया और तत्काल इन सभी झंडो को वापस लेने के आदेश दिये। अब सभी जोन में केसरिया सफेद और हरे रंग के झंडे भेजे जायेंगे। माना यही जा रहा है कि यहां कलर को लेकर मिसमेचिंग हो गई और किसी की भी गलत इंटेशन नहीं थी और जब ये गलती सामने आई तो सभी को टेंशन हो गई। बहरहाल पार्षद राष्ट्रीय ध्वज को लेकर अटेंशन थें और उन्होंने इस बात को मेंशन किया कि हमारे राष्ट्रीय ध्वज का पहला रंग केसरिया होता है यह सुर्ख लाल नहीं होता है। सब 15 हजार झंडे वापस हो गये हैं और अन्य जोन में भी यही झंडे सप्लाई हुए हैं तो यह भी वापस होंगे और अब इनके स्थान पर दूसरे झंडे नगर निगम को डूडा देगा और नगर निगम इन्हें जोन में वितरित करायेगा।






## उपचुनाव की तैयारियों को लेकर प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल दे गये कार्यकर्ताओं को मूल मंत्र, कहा-

# कार्यकर्ता ही हमारी जीत का मूल आधार हैं और 'बूथ जीता - चुनाव जीता' के संकल्प के साथ लड़ेंगे चुनाव

### संजीव शर्मा ने कराया जीत के लिए आश्वस्त और मंडल अध्यक्षों को वितरित किये राष्टीय ध्वज



करंट क्राइम। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने प्रदेश संगठन महामंत्री व वरिष्ठ नेतृत्व का बैठक में आगमन पर आभार जताते हुए महानगर संगठन द्वारा चुनाव निमित्त सभी तैयारियां विस्तृत रूप से जानकारी दी और पार्टी की शानदार जीत के लिए आश्वस्त कराया।





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रदेश संगठन महामंत्री धमपाल शनिवार को गाजियाबाद आये। उन्होंने शहर विधानसभा में होने वाले उप चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की। ये बैठक दो हिस्सों में हुई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने उपचुनाव में कार्यकर्ता के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि संगठन के मूल सिद्धान्त पर चलना है और बूथ जीता चुनाव जीता को आधार बनाकर उपचुनाव में जुट जाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का असली समर्पित कार्यकर्ता होता है जो बिना पार्टी क निर्देश मिले ही अपने प्रत्याशी कमल के फूल की जीत के लिए सब कुछ छोड कर दमदार जीत के लिए जुट जाता है। ऐसे ही देवतुल्य कार्यकताओं को हमें संजोकर रखना है। क्योंकि कार्यकर्ता ही हमारी जीत का मूल आधार है प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने प्रथम सत्र की बैठक के बाद दूसरे सत्र की बैठक में वार्ड प्रवासी पार्टी के वरिष्ठ चेहरों के साथ भी चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की। स्थिति का जायजा लिया। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने कार्यकताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर भाजपा तैयार है और भाजपा कार्यकर्ता अपनी मेहनत के दम पर जीत हासिल करेंगे।

### भाजपा कार्यकर्ता उतरता है राष्ट्रवादी सोच के साथ चुनाव में : सतेन्द्र सिसौदिया




**करंट क्राइम।** बैठक में अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया ने कहा अभी हाल ही के लोकसभा चुनाव में पश्चिम उत्तर प्रदेश के कार्यकताओं ने अपनी परिश्रम की पराकाष्ठा का परिचय देते हुए अपने क्षेत्र में कमल खिलाने का काम किया है। भाजपा कार्यकर्ता जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रवादी सोच के साथ चुनाव में उतरता है। पार्टी सदैव अपने कार्यकताओं की ऋणी रहकर सर्व जन कल्याण के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए द्रण संकल्पित है।

### महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में चली बैठक और मुख्य अतिथि ने किया दीप जलाकर बैठक का शुभारंभ

करंट क्राइम। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल इस बैठक के मुख्य अतिथि थे। यह बैठक महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में चली। जिसमें शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल प्रभारी, महानगर की पूरी टीम, पार्षद और क्षेत्र व प्रदेश संगठन के गाजियाबाद में निवास करने वाले पदाधिकारी, सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधिगण इस बैठक में शामिल रहे। बैठक में मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया, क्षेत्रीय प्रभारी प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, स्वतन्त्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप, मंत्री कपिल अग्रवाल, मंत्री बृजेश सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, एमएलसी दिनेश गोयल, महापौर सुनीता दयाल,विधायक अजीत पाल त्यागी, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा आदि मंचासीन रहे। बैठक का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।












### प्रदेश संगठन महामंत्री की कार्यशाला में रहे पूर्व मेयर, पूर्व विधायक, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व पार्षद सहित ये चेहरे मौजूद





करंट क्राइम। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने उपचुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यशाला आयोजित की। उनकी कार्यशाला में पूर्व मेयर पहुंचे, पूर्व विधायक पहुंचे, पूर्व पार्षद पहुंचे। प्रदेश संगठन महामंत्री बैठक में पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व विधायक प्रशान्त चौधरी, कृष्ण वीर सिरोही, पूर्व अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, महेश अग्रवाल, अशोक मोंगा, अनिल स्वामी, विजय मोहन, पवन गोयल, डॉक्टर वीरेश्वर त्यागी, राजेश्वर प्रसाद, संजय कश्यप, राजेंद्र त्यागी, राजीव त्यागी, सुरेश कश्यप, अजय शर्मा, मयंक गोयल, सरदार एसपी सिंह, हातम सिंह नागर, चमन चौहान, भानू शिशौदिया, कामेश्वर त्यागी, प्रदीप चौहान, रनिता सिंह, पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी, सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, संदीप त्यागी, संजय कांत शर्मा, कुलदीप त्यागी, धीरज शर्मा, सचिन ढेढा, पंकज भारद्वाज, हिमांशू मित्तल, प्रदीप चौधरी,संजीव चौधरी, मोनिका पंडिता, ऋचा भदौरिया, उदिता त्यागी, रेनू चंदेला, पूनम सिंह, प्रवीण भाटी, प्रियंका पांडे, शीतल चौधरी, लवली कौर, किरन सिंह, सुमन सिंह, संजय सिंह, अमित त्यागी, ओम राजपूत, तरुण शर्मा, मंडल अध्यक्ष दयानंद बंसल, देवेन्द्र त्रिपाठी महिम गुप्ता, सुधीर शर्मा,सतेन्द्र चौधरी, मोनू त्यागी, ओपी अग्रवाल, राजीव शर्मा, उदित मोहन, धर्मेंद्र कुमार, गौरव चोपड़ा, अभिनव जैन, सुनील प्रताप सिंह , वर्षा हजेला राजकुमार नागर, जमालू भाई , राजीव अग्रवाल, अभिषेक चौधरी, प्रतीक माथुर आदि मौजूद रहे।

## बांग्लादेशियों पर हमले का मामला : पिंकी चौधरी गिरफ्तार और सत्यम पंडित फरार

● **धर्म विशेष पर टिप्पणी और हमला करने का आरोप**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस ने शनिवार को दो हिंदूवादी चेहरों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखने की कार्रवाई की गई है। पहला मामला सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में लिखा गया, जहां पुलिस ने हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष भूपेंद्र उर्फ पिंकी चौधरी व उसके कार्यकर्ताओं पर मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में रहने वाले लोगों को बांग्लादेशी बात कर उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज, आग लगाने और जानलेवा हमला करने का मुकदमा लिखा गया है। तो वहीं दूसरा मुकदमा शहर कोतवाली घंटाघर में सत्यम पंडित पर लिखा गया है।

इन पर धर्म विशेष के लोगों पर टिप्पणी करने और माहौल खराब करने का मुकदमा लिखा गया है। सत्यम पंडित पर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो होने के बाद कार्रवाई की गई है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि दोनों ही लोग माहौल खराब करने के मकसद से इस प्रकार की सोची समझी रणनीति के तहत वीडियो को वायरल करने का काम कर रहे हैं। वहीं इन पर माहौल खराब करने के आरोप लगे हैं।





### पिंकी चौधरी गिरफ्तार

करंट क्राइम : एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि मधुवन बापू धाम थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमे में पुलिस ने पिंकी चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस मामले में गिरफ्तार भी किया जाएगा, साथ ही पूरे मामले की जांच की जा रही है। इनके पुराने ट्रैक रिकॉर्ड की जांच होगी।

### पिंकी और सत्यम का रहा है विवादों का पुराना साथ

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने पिंकी चौधरी और सत्यम पंडित को गिरफ्तार करने के लिए कई थानाक्षेत्र में दबिश देने का काम कर रही है। वहीं पूर्व में भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पिंकी चौधरी पर गैंगस्टर की कार्रवाई की रणनीति बनाई थी लेकिन भारी विरोध, बड़े धरने प्रदर्शन के बाद पुलिस को हाथ पीछे खींचने पड़े थे। वहीं सत्यम पंडित की छवि भी इसी प्रकार की रही है। उन्होंने कई सरकार विरोधी बयान और धर्म विशेष को लेकर पूर्व में बयान बाजी की है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी दोनों ही लोगों की गिरफ्तारी के लिए संबंधित थानाक्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश दे चुके हैं। इस मामले पर जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद बड़ा एक्शन लेगी ऐसा कहा जा रहा है।

### पहले दिया था अल्टीमेटम फिर की मारपीट

करंट क्राइम : वायरल वीडियो और पुलिस के सूत्रों से जो जानकारी मिली है कि पिंकी चौधरी उनके कार्यकर्ताओं ने दो दिन पूर्व ही अल्टीमेटम दिया था, कि बांग्लादेशियों को बाहर किया जाए वरना वह उनका रहने नहीं देंगे। इस दौरान जानकारी यह भी है कि दो दिन पूर्व हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में भी ऐसे ही बांग्लादेशों की पिटाई की थी। वहीं सोशल मीडिया पर सत्यम पंडित भी चेतावनी दे चुके थे कि वह इस तरीके का जो माहौल है बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### अधिकारियों का कार्रवाई की ओर इशारा, तो हिंदू संगठन बना रहे हैं रणनीति

करंट क्राइम : पुलिस और हिंदू संगठनों से जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारी पिंकी चौधरी और उनके लोगों पर कठोर कार्रवाई की रणनीति बना चुके हैं। मुकदमा लिखा जाने के साथ आगे की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तो वहीं सत्यम पंडित को भी पुलिस रडार पर लेगी। बताया जा रहा है कि अगर दोनों की गिरफ्तारी होती है, तो कई हिंदूवादी संगठन आमने-सामने आ सकते हैं और स्थिति बिगड़ सकती है।

## संपादकीय

# जीवन के चौथेपन में टूटते रिश्ते

बहुत समय से एक नामचीन नायक-नायिका के तलाक की खबरें इंटरनेट मीडिया पर छाई हुई हैं। लोग दावा कर रहे हैं कि बस ऐसा होने ही वाला है। सच क्या है, कहा नहीं जा सकता, लेकिन ग्रे डाइवोर्स यानी कि विवाह के दशकों बाद पति-पत्नी का अलग हो जाना, इन दिनों बेहद चलन में है। महिलाएं कह रही हैं कि एक खराब रिश्ते में जीवन बिताने से अच्छा है कि जब मौका मिले, अलग हो जाएं। इस लेखिका ने कई स्त्रियों को खुद देखा है। कई साल पहले यह लेखिका जिस संस्थान में काम करती थी, वहां एक महिला आई। उसे काम चाहिए था। उसकी उम्र उस समय 50 वर्ष रही होगी। उसका कहना था कि पति बहुत तंग करते हैं। सुबह शाम मार-पीट, हर रात शराब पीकर आना है। वह महिला उच्च शिक्षित भी थी, लेकिन नौकरी नहीं करती थी। वह सब कुछ इतने साल इसलिए सहन करती रही कि अपने बेटे के बड़े होने का इंतजार कर रही थी।

अब वह अपने पांवों पर खड़ा होना चाहती थी। उसी समय के आसपास एक वरिष्ठ महिला पत्रकार ने अपने बहुत मशहूर पति से अलग होने पर पार्टी दी थी और अपनी आजादी का जश्न मनाया। यह कोई नई-अनोखी बात नहीं कि अब तलाक की भी पार्टी होने लगी हैं। लोग उसका जश्न मनाने लगे हैं। ग्रे डाइवोर्स का अर्थ बताया जाता है कि जब पति-पत्नी 50 की उम्र के बाद अलग हों यानी जब बालों में सफेदी छाने लगे। हालांकि जो लोग ऐसा करते हैं, उनकी राह भी आसान नहीं होती। बहुत बार जमीन-जायदाद का फैसला करना मुश्किल हो जाता है, जो संयुक्त होती है या बैंक खाते संयुक्त होते हैं। इसके अलावा बड़े बच्चे भी माता-पिता के इस तरह से अलग होने को सह नहीं पाते। कई बार बच्चे माता-पिता को इसके लिए प्रेरित भी करते हैं। एक लड़के ने जीवन भर अपनी मां को पिता के हाथों प्रताड़ित होते देखा। बड़े होने पर उसने मां से कहा कि इतना अपमान सहने से बेहतर है कि वे दोनों अलग हो जाएं। फिल्मी दुनिया में भी जहां अक्सर पति-पत्नी एक खुशहाल परिवार की तस्वीर पेश करते हैं, वहां भी ऐसा हो रहा है। इसमें फरहान अख्तर-अधुना भबानी, अरबाज खान-मलाइका अरोड़ा, ईशा देओल-भरत तख्तानी, सोनम खान-राजीव राय, किरण राव-आमिर खान, रितिक रोशन-सुजैन खान, अर्जुन रामपाल-मेहर जेसिया जैसे जोड़े शामिल हैं। इन सबके बड़े-बड़े बच्चे भी हैं। किरण राव ने कुछ दिनों पहले साक्षात्कार में कहा था कि आमिर से उनके संबंध बहुत मधुर हैं। तलाक ने उन्हें आजादी दी है। वह खुद के महत्व को पहचानना चाहती थीं। अपने तलाक पर अर्जुन रामपाल ने इससे बिल्कुल अलग बात की। उन्होंने कहा था कि तलाक बहुत आसान नहीं होता। यह आपके अकेलेपन को बढ़ाता है। जितने भी फिल्मी जोड़े एक-दूसरे से अलग हुए हैं, वे अपने पूर्व साथी के बारे में अच्छी बातें करते हुए यह भी कहते हैं कि वे दोनों सबसे अच्छे दोस्त हैं। फिल्मकार अनुराग कश्यप जब कल्कि कोचलीन से अलग हुए तो कुछ दिन बाद उन्होंने कहा था कि जब वे दोनों साथ थे, तो हमेशा लड़ते रहते थे, मगर अब दोनों में खूब मित्रता है। कश्यप इससे पहले भी अपनी पत्नी से अलग हो चुके थे। बहरहाल, ये जोड़े यह भी कहते हैं कि जिस साथी से अलग हुए, वह बहुत अच्छा इंसान है। क्या यह सोचकर आश्चर्य नहीं होता कि यदि कोई इतना अच्छा इंसान और मित्र है, तो फिर अलग क्यों होना पड़ा? शायद इसका जवाब किसी के पास नहीं होता।

# आरबीआई के निदेशक मंडल की बैठक में शामिल हुईं वित्त मंत्री, बोलीं- बैंकिंग कानून में बदलाव जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बैंकों को 'कोर बैंकिंग' पर ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया। वित्त मंत्री ने भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल के सदस्यों की बैठक में यह टिप्पणी की। केंद्रीय बजट 2024-25 के बाद लोकसभा द्वारा वित्त विधेयक पारित करने और संसद में सरकार द्वारा पेश किए गए कुछ संशोधनों के बाद इस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सीतारमण ने बैंकों को अपने महत्वपूर्ण कारोबार की प्राथमिकता तय करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा, आरबीआई और सरकार दोनों चाहते हैं कि बैंक कोर बैंकिंग पर ध्यान दें। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, हम जो बैंकिंग कानून में संशोधन ला रहे हैं। उसके कई कारण हैं। यह कुछ समय से लंबित है, इसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। सहकारी क्षेत्र के बैंकिंग क्षेत्र के संबंध में भी इसमें कुछ बदलाव प्रस्तावित हैं। लोगों को अपने खातों में एक से अधिक लोगों को नॉमिनेट करने की सुविधा मिलेगी। यह एक ग्राहक-अनुकूल कदम है क्योंकि मुझे लगता है कि ग्राहकों के लिए यह विकल्प होना महत्वपूर्ण है और यह भी सुनिश्चित करना है कि नामांकित व्यक्ति को बाद में दावा करने में किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बैंकों को जमा राशि जुटाने के लिए अनूठी और आकर्षक योजनाएं लानी चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल को संबोधित करने के बाद सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यजमा और उधार एक गाड़ी के दो पहिए हैं और जमा धीरे-धीरे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि बैंकों को कोर बैंकिग यानी मुख्य कारोबार पर ध्यान देने की जरूरत है। इसमें जमा राशि जुटाना और जिन्हें कोष की जरूरत है, उन्हें कर्ज देना शामिल है। सीतारमण ने जमा और कर्ज के बीच अंतर को दूर करने के लिए बैंकों से लोगों से धन जुटाने के लिए ह्यअनूठी और आकर्षक जमा योजनाएं लाने को कहा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा कि ब्याज दरें नियंत्रणमुक्त हैं और अक्सर बैंक धन आकर्षित करने के लिए जमा दरें बढ़ाते हैं। दास ने कहा, ह्यह्यबैंक ब्याज दर पर निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने इसी सप्ताह द्विमासिक मौद्रिक नीति पेश



करते हुए बैंकों में जमा और कर्ज के बीच बढ़ते अंतर पर चिंता जतायी थी। उन्होंने कहा था कि बैंक कर्ज की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अल्पकालिक गैर-खुदरा जमा और देनदारी के अन्य साधनों का अधिक सहारा ले रहे हैं। दास ने आगाह करते हुए कहा कि यह बैंकों में संरचनात्मक रूप से नकदी के मुद्दों को सामने ला सकता है। इसीलिए, बैंक नवीन उत्पादों और सेवा पेशकशों के माध्यम से और अपने विशाल नेटवर्क का लाभ उठाकर घरेलू वित्तीय बचत जुटाने पर अधिक ध्यान दे सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, 'नामांकन का मुद्दा लंबे समय से लंबित रहा है और इस बदलाव से कारोबार सुगमता में सुधार होगा। जहां तक दावा न की गई जमाराशियों का संबंध है, पिछले वर्ष हमने एक विशेष अभियान चलाया था जिसके अंतर्गत हमने प्रत्येक बैंक को सलाह दी थी कि प्रत्येक शाखा को अपनी अदावाकृत जमाराशियों के मामले में स्वयं सक्रिय रूप से कार्य करना चाहिए। शीर्ष दस गैर-दावाकृत जमाराशियों की पहचान करने के लिए विशेष कदम उठाने चाहिए और ऐसे वक्तियों तक व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। प्रगति संतोषजनक रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यालय में हुई बैठक में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक के निदेशक मंडल के के अन्य सदस्य मौजूद थे।

बैठक में बजट प्रावधानों और देश में मौजूदा आर्थिक स्थितियों पर चर्चा की गई। इससे पहले 7 अगस्त को केंद्रीय बजट 2024-25 पर विश्वास व्यक्त करते हुए, वित्त मंत्री ने कहा था कि सरकार का दृष्टिकोण कर कानूनों और प्रक्रियाओं मेंअधिक सरलीकरण लाने और देश में विकास और रोजगार को सक्षम करने का रहा है।

# मासिक निवेश 23 हजार करोड़ के पार, लार्ज, स्मॉल और मिडकैप में कमी से इक्विटी फंड में नौ फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में जुलाई में 9 फीसदी निवेश घटने के बावजूद सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान यानी एसआईपी में निवेश रिकॉर्ड 23,000 करोड़ के पार 23,332 करोड़ रुपये पहुंच गया है। जून में 21,262 करोड़ रहा था। इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम और फोकस्ड फंड को छोड़कर सभी स्कीमों में पैसा आया है। पूरे उद्योग में जुलाई में 1.9 लाख करोड़ निवेश आया है। जून में 43,637 करोड़ था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के शुक्रवार के आंकड़ों के मुताबिक, म्यूचुअल फंड



का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) जुलाई में रिकॉर्ड 64.69 लाख करोड़ रहा है। जून में 60.89 लाख करोड़ था। लार्ज कैप, स्मॉल कैप और मिडकैप में निवेश घटने से इक्विटी फंड में निवेश 9 फीसदी घटकर 37,113 करोड़ रहा है। सेक्टोरल फंड में 18 फीसदी घटकर 18,386 करोड़ रहा है।

### डेट की 16 श्रेणी में से 12 में निवेश

डेट में निवेशकों का रुझान बना हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में कुल 16 श्रेणी में से 12 में निवेश आया है। जिन चार श्रेणी में निवेश घटा है, उनमें मीडियम ड्यूरेशन, क्रेडिट रिस्क, बैंकिंग एंड पीएसयू फंड और गिल्ट फंड शामिल हैं। इस दौरान इक्विटी फंड में लगातार 41वें महीने भी अच्छा निवेश आया है।

### लिक्विड में सर्वाधिक पैसा आया

लिक्विड फंड में जुलाई में सबसे अधिक 70,060 करोड़ रुपये आए हैं। जून में इसमें से 80,354 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। मनी मार्केट में 28,738 करोड़ रुपये आया है। मल्टीकैप में 7,084 करोड़, फ्लैक्सीकैप में 3,052 करोड़, लार्ज एवं मिडकैप में 2,622 करोड़ और वैल्यू में 2,170 करोड़ रुपये आए हैं।

### गोल्ड ईटीएफ में निवेश उच्च स्तर पर पहुंचा

कुल 17 गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड यानी ईटीएफ में 1,337.35 करोड़ का शुद्ध निवेश हुआ। पिछले साल की समान अवधि के 456 करोड़ से 193 फीसदी ज्यादा है। इस साल गोल्ड ईटीएफ में अभी तक सिर्फ अप्रैल में निकासी दर्ज की गई।

# मालदीव में भी होगा यूपीआई से भुगतान

**नई दिल्ली।** भारत और मालदीव ने द्वीपसमूह राष्ट्र में यूपीआई से भुगतान शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह समझौता मालदीव के पर्यटक पर्यटन उद्योग पर बहुत सकारात्मक असर पड़ेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर के तीन दिवसीय मालदीव दौरे के दौरान शुक्रवार को इस समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किया गया। विदेशी मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, मालदीव में डिजिटल भुगतान प्रणाली की शुरूआत के लिए नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) और मालदीव के आर्थिक विकास और व्यापार मंत्रालय ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से विकसित किया गया यूपीआई यानी यूनिफाइट पेमेंट इंटरफेस मोबाइल के इस्तेमाल से एक खाते से दूसरे खाते में तत्काल भुगतान की सुविधा मुहैया कराने वाली प्रणाली है। मालदीव के विदेश मंत्री मोसा जमीर से मुलाकात के बाद एक प्रेसवार्ता में जयशंकर ने कहा कि भारत ने अपने यूपीआई के जरिए डिजिटल लेनेदेन की दुनिया में एक क्रांति लेकर आई



है। उन्होंने इस बात पर जोर देकर कहा कि भारत में यूपीआई की मदद से वित्तीय समावेशन एक नए स्तर पर चला गया है। उन्होंने कहा, दुनिया के दुनिया में रियल टाइम डिजिटल भुगतान के 40% लेनदेन हमारे देश में किए जाते हैं। जयशंकर ने कहा, हम यह क्रांति अपने जीवन में हर दिन देखते हैं। मुझे खुशी है कि आज इस एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ हम इस डिजिटल नवाचार को मालदीव में लाने की दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है। जयशंकर ने कहा कि मैं इस समझौते के लिए सभी हितधारकों को बधाई देता हैं और उम्मीद करता हूं कि बहुत जल्दी यहां (मालदीव) यूपीआई से लेनदेन होने लगेंगे। उन्होंने कहा, इस सुविधा का पर्यटन क्षेत्र पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पर्यटन मालदीव की आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख स्त्रोत है। देश की जीडीपी में इसका योगदान 30% का है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार का 60% इसी क्षेत्र से आता है।

## राशिफल

**मेष:** आज रक्षाबंधन का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। व्यवसायी कुछ योजनाएँ बना सकते हैं। आप में से कुछ लोगों को साझेदारी से बड़ा लाभ मिल सकता है।

**वृष:** आज रक्षाबंधन के दिन भाग्य आपका साथ देगा। रुके हुए कार्यों को शीघ्र पूरा किया जा सकता है। जो भी काम आप काफी समय से करने की सोच रहे थे, वो आप करेंगे।

**मिथुन:** माता का स्वास्थ्य आपके लिए चिंता का कारण बन सकता है। बड़े-बुजुर्गों की बात ध्यान से सुनें और शांत मन से सोचें कि समस्याओं का समाधान क्या है।

**कर्क:** आज आपके सहकर्मी समूह के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि संभव है। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू होंगी और आप अच्छी प्रगति करेंगे।

**सिंह:** रोजमर्रा के काम आज आसानी से पूरे हो जाएंगे। करियर या सामाजिक संबंधों के मामले में जो व्यक्ति आपके लिए खास है, वह आपसे प्रभावित हो सकता है।

**कन्या:** आज के दिन की शुरूआत ताजगी भरी सुबह के साथ करेंगे। दौड़ने और दौड़ने के बावजूद आपको अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे। उत्साह और प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**तुला:** स्वास्थ्य की दृष्टि से यह समय बहुत अनुकूल नहीं है, आप किसी पुराने रोग से प्रभावित हो सकते हैं या आपको तेज दर्द झेलना पड़ सकता है।

**वृश्चिक:** आज रक्षाबंधन के दिन अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके द्वारा बनाई गई योजनाओं से आपको सफलता मिलने की पूरी संभावना है।

**धनु:** कोई नया निवेश न करें और जो भी काम हो सोचकर करें। आपके जीवन साथी के परिवार के सदस्यों के कारण आपका दिन थोड़ा परेशान करने वाला हो सकता है।

**मकर:** अधिकारियों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा और व्यापार और अन्य उपक्रमों से आपकी आय में काफी वृद्धि होगी।

**कुंभ:** पुरानी परेशानियां खत्म हो सकती हैं। संतान और परिवार के मामले में कुछ अच्छे बदलाव हो सकते हैं। आज महत्वपूर्ण मामलों पर करीबी लोगों से चर्चा हो सकती है।

**मीन:** आज अगर आप अपने जीवनसाथी की छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देंगे तो उन्हें बुरा लग सकता है। काम के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आप प्रसन्न रहेंगे।

## चुटकुले

टूटाराम खाली पेपर को बार-बार चूम रहा था।
फूटाराम - ये क्या है?
टूटाराम - लव लेटर है।
फूटाराम - मगर ये तो खाली है।
टूटाराम - आज कल बोलचाल बंद है।

---

बंता : तेरी बीवी मेरे कब्जे में है,
सबूत के तौर पर 1 अंगुली भेज रहा हूं।
बंता : मुझे तुम पर विश्वास नहीं है
गर्दन भेज गर्दन।

---

वैज्ञानिक चाहे कितनी भी खोज कर ले,
लेकिन इस बात का पता कभी नहीं
लगा सकते की,
भारत में लोग उदास होने के बाद,
अपनी व्हाट्सअप डीपी क्यूँ हटा देते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- रुथ लॉरेंस, एक बाल विलक्षण गुण-संपन्न मनुष्य, ने 10 साल की उम्र में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी गणित की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, सभी 530 उम्मीदवारों में से प्रथम आने के बाद, उन्होंने 13 साल की उम्र में एक वर्ष की डिग्री पूरी की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय दुनिया का दूसरा सबसे पुराना क्रियाशील विश्वविद्यालय है। सबसे पुराना एक बोलोग्ना विश्वविद्यालय है।
- ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के नेतृत्व में एक शोध अध्ययन में पाया गया कि नास्तिक और धार्मिक लोग कम से कम मौत से डरते हैं।
- ऑक्सफोर्ड के सबसे पहले कॉलेजों ने 13 वीं शताब्दी के दौरान दरवाजे खोले, लेकिन साल 1878 तक कोई महिला छात्रों की अनुमति नहीं थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में 200 से अधिक वर्षों की शराब की 1000 बोतलें हैं।
- साल 1755 में, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक डोडो पक्षी जला दिया, यूनिवर्सिटी इस बात से अनजान थी कि यह दुनिया का आखिरी पूर्ण नमूना था।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# 'आपका जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणा बनेगा'

# पीएम मोदी ने अमन सहरावत से की कॉल पर बात कर उनके योगदान को सराहा





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत को फोन कर बधाई दी। मोदी ने अमन से कहा कि आपका जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणा बनेगा क्योंकि आपने कड़ा संघर्ष किया और यहां तक पहुंचे। अमन ने शुक्रवार को पुरुष 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था। 21 वर्षीय अमन ने कांस्य के लिए खेले गए मुकाबले में पुअर्तो रिको के डारियान टोई क्रूज को 13-5 के अंतर से हराया था।

इससे पहले, छत्रसाल अखाड़े के प्रतिभाशाली पहलवान अमन ने गुरुवार को प्री क्वार्टर फाइनल और क्वार्टर फाइनल में दमदार प्रदर्शन किया था, लेकिन पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के सेमीफाइल में जापान के शीर्ष वरीय रेई हिगुची से एकतरफा अंदाज में हार गए थे। अमन भले ही गुरुवार को पदक पक्का करने से चूक गए थे, लेकिन उन्होंने कांस्य पदक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और देश को पेरिस खेलों में छठा पदक दिला दिया। भारत ने पेरिस ओलंपिक में अब तक पांच कांस्य और एक रजत सहित कुल छह पदक जीते हैं। अमन पेरिस ओलंपिक में भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान थे। हालांकि, उन्होंने कुश्ती में पदकों के सिलसिले को बरकरार रखा। भारत 2008 बीजिंग ओलंपिक के बाद से हर ओलंपिक में कुश्ती में पदक जीत रहा है। 2008 में सुशील कुमार ने कांस्य, 2012 में सुशील ने रजत और योगेश्वर दत्त ने कांस्य, 2016 में साक्षी मलिक ने कांस्य, 2020 टोक्यो ओलंपिक में रवि दहिया ने रजत और बजरंग पूनिया ने कांस्य पदक जीता था।

### 'आपका जीवन बहुत ही प्रेरक है'

प्रधानमंत्री ने अमन से फोन पर कहा, अमन नमस्ते। आपको बहुत-बहुत बधाई और आपके उज्जवल भविष्य के लिए भी बहुत शुभकामनाएं।

आपने अपने नाम के अनुसार सारे देश का मन भर दिया है। मेरे ख्याल से बहुत कम खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो छत्रसाल स्टेडियम को अपना घर बना लेते हैं, लेकिन आपने उसे अपना घर बनाकर अपने आप को खपा दिया। मैं मानता हूं कि देशवासियों के लिए आपका जीवन बहुत ही प्रेरित करने वाला है। आप हमारे सबसे युवा खिलाड़ी हैं जो ओलंपिक में पदक लेकर आ रहे हैं। आपके पास अभी काफी वक्त है। मैं मानता हूं कि आप देश को खुशियों से भर देंगे। आपने जीवन में काफी संघर्ष किया। माता-पिता को खोने के बाद भी आप डटे रहे, ये बहुत ही प्रेरक जीवन है आपका।

### अमन 2028 में स्वर्ण लाने के लिए प्रतिबद्ध



अमन ने प्रधानमंत्री से कहा, 'देशवासियों का आशीर्वाद और आपकी मेहनत भी थी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) और आपने मदद दी। 2028 में ओलंपिक में स्वर्ण लाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे।' इस पर मोदी ने कहा, 'मुझे पूरा भरोसा है कि आप सफल होने वाले हैं।

### मोदी ने अमन के संघर्ष को सराहा

पीएम मोदी ने जब अमन के संघर्ष को सराहा तो इस युवा भारतीय पहलवान ने कहा, 'संघर्ष तो करना पड़ता है। हर कोई किसी ना किसी तरह का संघर्ष करता है। आपने भी अपने जीवन में संघर्ष किया है।' इस पर प्रधानमंत्री ने कहा, नहीं, हमारा तो क्या है हम तो देश की सेवा में लगे हैं। आप लोग ना तो रात को सोते हैं। कितनी भी ठंड क्यों ना हो और सोने का मन करे, लेकिन आप लोग मैदान में जाकर मेहनत करते हो, तब जाकर यहां पहुंचते हो। प्रधानमंत्री ने कहा, 'वहां सब साथियों को क्या लग रहा है, क्योंकि पुरुषों में पहलवानों में आप ही हैं जो कुश्ती के मैदान में आगे आए।' इस पर अमन ने कहा, पुरुषों में बस एक ही क्वालिफाई कर सका था। बस यही सोच रहा था कि हर बार कुश्ती में पदक आ रहा है तो यह बरकरार रहना चाहिए। पदक दिलाने के लिए मैंने अपना 100 प्रतिशत दिया।' मोदी ने कहा, वाकई आपने बहुत लगन से काम किया।

### मोदी ने अमन को पदक के रंग की चिंता छोड़ने कहा

अमन ने प्रधानमंत्री से कहा, 'देशवासियों को स्वर्ण लाने की उम्मीद थी, लेकिन वो नहीं ला पाए, पर 2028 में जरूर लेकर आएंगे।' इस पर मोदी ने अमन से कहा, देखिए, कांस्य हो, रजत हो या स्वर्ण पदक, आप उस चिंता को छोड़ दीजिए। आपने देश को बहुत दिया है और सभी देशवासी सीना तानकर अमन का नाम ले रहे हैं।' अमन ने कहा, 'अभी तो कुछ नहीं किया है, अभी तो देश को काफी कुछ देना है।' प्रधानमंत्री अमन की इस बात से खुश हुए और उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है क्योंकि जिसका ऐसा सपना होता है वो जरूर देता ही है। मुझे बहुत अच्छा लगा। आपने देश का नाम रोशन किया है और आपका जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

# कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम नए रिकॉर्डों से भरे पेरिस ओलंपिक अभियान से शनिवार को कांस्य पदक लेकर लौटी। 16 सदस्यीय टीम, जिसमें टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतने वाली टीम के 11 सदस्य शामिल थे, ने म्यूनिख में 1972 ओलंपिक के बाद पहली बार लगातार पदक जीतकर इतिहास रचा। आगमन पर परिवार और प्रशंसकों की भीड़ द्वारा स्वागत किए जाने पर, हरमनप्रीत सिंह अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में विफल रहे। उन्होंने कहा, पेरिस 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक के लिए भारतीय प्रशंसकों को हमारा स्वागत करने और बधाई देने के लिए आते देखना बहुत उत्साहजनक है। टीम ने ओलंपिक की तैयारी के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी और आपके प्रयासों को सफल होते देखना, पूरे देश को हमारी जीत पर खुशी मनाते देखना, एक अवर्णनीय अनुभूति है। पेरिस 2024 ओलंपिक में भारतीय टीम ने कई बार शानदार हॉकी खेली; ऐसा प्रदर्शन जिसने ओलंपिक में 52 वर्षों के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ टीम के हर एक सदस्य द्वारा एक अवास्तविक प्रदर्शन, जहां उन्होंने 40 मिनट से अधिक समय तक 10 आदमी के साथ बचाव करते हुए पेनल्टी शूटआउट को मजबूर किया और गोलकीपर पीआर श्रीजेश की वीरता की बदौलत 4-2 से जीत हासिल की। 25 वर्षीय उप-कप्तान और दो बार के कांस्य पदक विजेता हार्दिक सिंह ने टीम में भाईचारे पर प्रकाश डालते हुए कहा, ₹हमें एक-दूसरे पर भरोसा था, यह अटूट विश्वास था कि अगर आप चूक गए तो टीम का साथी कवर करने के लिए आगे आएगा।₹ एक कदम, जिसने हमें मैदान पर हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। मुझे लगता है कि ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ मैच वह समय था जब यह वास्तव में चमका। मिडफील्डरों के पास फॉरवर्ड की पीठ थी, रक्षकों ने मिडफील्डरों का समर्थन किया था, और अगर बाकी सब विफल हो गया तो हमारे पास बड़े आदमी, पीआर श्रीजेश थे, जिन्होंने हमें कई मौकों पर बचाया। भारतीय हॉकी की दीवार, महान गोलकीपर, पीआर श्रीजेश ने घोषणा की कि वह पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास ले लेंगे। 'श्रीजेश के लिए इसे जीतो' का संकल्प लेते हुए, भारतीय टीम ने स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक मैच में जगह बनाई। 10 गोल के साथ पेरिस 2024 ओलंपिक के शीर्ष स्कोरर हरमनप्रीत सिंह ने करो या मरो मैच में अपनी जीत पक्की करने के लिए दो गोल किए। कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, पेरिस 2024 ओलंपिक एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया, हम आने वाले कुछ समय तक इन यादों को संजोकर रखेंगे। इस कांस्य पदक के साथ टीम ने साबित कर दिया है कि भारतीय हॉकी पटरी पर लौट आई है। हम एक ताकत हैं और हमारे दिन पर हम वास्तव में अजेय हो सकते हैं। हमें बस अपनी टीम पर विश्वास और भारतीय हॉकी प्रशंसकों के अटूट समर्थन की जरूरत है। इसलिए, मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे हॉकी से प्यार करते रहें, हमारा समर्थन करते रहें और हम आपके लिए सब कुछ जीतेंगे।

# रीतिका हुडा बनार्डेट नागी पर शानदार जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस।** रीतिका हुडा ने शनिवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के फ्रीस्टाइल 76 किग्रा वर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हंगरी की दो बार की यूरोपीय चैंपियनशिप पदक विजेता बनार्डेट नागी को 12-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 22 वर्षीय भारतीय पहलवान ने मुकाबले की शुरूआत में ही अपनी आक्रामक शैली का प्रदर्शन किया और कुछ ही समय में 4-0 की बढ़त बना ली। निष्क्रियता की घड़ी होने के बावजूद, रीतिका ने पीछे नहीं हटने का फैसला किया और दो 2-पॉइंट चालों को सुरक्षित करने के लिए एक अच्छी तरह से समय पर हमला किया। जैसे ही पहला पीरियड खत्म हुआ, उसकी प्रतिद्वंद्वी, नागी ने 2-पॉइंटर के साथ जवाब दिया, जिससे मुकाबला नजदीकी हो गया। हालाँकि, रीतिका ने अपना दबदबा कायम रखा और एक शानदार लेग पैंतरेबाजी का उपयोग करके नागी का संतुलन बिगाड़ दिया और 2 अंक और हासिल कर लिए, जिससे उसकी बढ़त 6-2 हो गई। जैसे ही मैच अपने अंतिम मिनटों में पहुंचा, रीतिका ने अपने प्रतिद्वंद्वी को लगभग पिन कर दिया, और हालांकि वह गिरने से बच नहीं सकी, लेकिन उसके अथक प्रयास से उसे अतिरिक्त अंक मिले। लेकिन रीतिका ने नागी पर दबाव बनाना जारी रखा, अंततः अंतिम 2-पॉइंटर हासिल करके मुकाबला जल्दी समाप्त किया और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 12-2 से जीत हासिल की। रीतिका अब शनिवार को भारतीय समयानुसार शाम करीब 4:25 बजे क्वार्टर फाइनल मैच में किर्गिस्तान की शीर्ष वरीयता प्राप्त एइपेरी मेडेट काइजी से भिड़ेंगी।

## अरशद नदीम की जीत पर बेहद खुश हैं उनकी मां, कहा- मेरा बेटा पाकिस्तान का हीरो बन गया



**खानेवाल।** पाकिस्तान के भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम ने पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर अपने देश के लिए इतिहास रचा है। उनके घर पर जश्न का माहौल है। उनकी मां ने बताया है कि उन्होंने अपने बेटे की कामयाबी के लिए दुआ की थी। आज उनका बेटा पाकिस्तान का बड़ा हीरो बन गया है। अरशद नदीम की मां ने कहा, मां हमेशा अपने बेटे के लिए दुआ करती है। बेटे के साथ मां की दुआ हर समय रहती है। मां की दुआ होती है कि बेटा जहां जाए, वहां उसको कामयाबी मिले। वह अपने गेम में कामयाब हो। मैंने अरशद के लिए दुआ की और मेरे बेटे ने पाकिस्तान का नाम रोशन कर दिया। अरशद नदीम की मां ने बताया, मेरा बेटा कहता है कि वह पाकिस्तान के लिए अपनी जान से ज्यादा मेहनत करता है। वह देश का नाम रोशन करना चाहता है। पाकिस्तान के नाम मेडल करके देश का झंडा फहराना चाहता है। पाकिस्तान ने भी अरशद के लिए दुआ की है। दुनिया के मुस्लिम भाई-बहनों ने भी मेरे बेटे के लिए दुआ की। पाकिस्तान इस बात से बहुत खुश है कि अरशद नदीम देश का हीरो बन गया है। अरशद नदीम की मां ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी हो रही है कि अरशद नदीम पाकिस्तान का इतना बड़ा हीरो बन गया है। अरशद नदीम ने पेरिस ओलंपिक पुरुष भाला फेंक प्रतियोगिता में 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह पाकिस्तान के लिए ओलंपिक में पहला व्यक्तिगत गोल्ड मेडल है।

# भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों से मिले खेल मंत्री मनसुख मांडविया, दी शुभकामनाएं




**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतकर स्वदेश लौटी भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की। मांडविया ने खिलाड़ियों का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, ओलंपिक में 52 साल बाद, लगातार दूसरी बार पदक जीतकर, आपने देश का नाम रोशन किया है, पूरे देश को आप सभी पर गर्व है। आप सभी ने अपने खेल से देश को गौरवान्वित किया है। आपकी मेहनत और समर्पण से भारत ने ओलंपिक में एक बार फिर से अपनी धाक जमाई है। उन्होंने आगे कहा कि आपकी इस उपलब्धि से देश के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे भी खेल के क्षेत्र में शानदार कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। मांडविया ने हॉकी टीम के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मालूम हो कि, भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यह लगातार दूसरा ओलंपिक मेडल जीता है। इससे पहले भारतीय हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में जर्मनी को मात देकर कांस्य पदक जीता था। यह ओलंपिक में भारतीय हॉकी के लिए 13वां मेडल है। भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया था। उनको पूल बी मैच में बेल्जियम के खिलाफ हार मिली, तो अगले ही मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज कर जोरदार वापसी की और सेमीफाइनल में जर्मनी के खिलाफ हार के बाद स्पेन को ब्रॉन्ज मेडल मैच में हराया था।

## गिक जांच में फेल होने वाली इमाने खेलीफ ने जीता स्वर्ण

**पेरिस।** विश्व चैंपियनशिप में पिछले साल लैंगिक जांच में फेल होने वाली इमाने खेलीफ पेरिस ओलंपिक में धमाल मचा रही हैं। अल्जीरिया की यह मुक्केबाजी पूरे टूर्नामेंट के दौरान विवादों में रही है। अब उन्होंने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा कि वह एक महिला के रूप में पैदा हुई हैं और इसी तरह जी रही हैं। खेलीफ ने शुक्रवार को चीन की यांग लियू को मुकाबले में 5-0 से हराया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अब अल्जीरिया की महिला बॉक्सर ने लैंगिक विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि वह महिला हैं और महिला की तरह ही अपना जीवन गुजार रही हैं। मुकाबले के बाद मीडिया से बात करते हुए इमाने खेलीफ ने कहा, ₹मैं किसी भी महिला की तरह एक महिला ही हूं। मैं एक महिला के रूप में पैदा हुई हूं और मैंने एक महिला के रूप में जीवन जिया है, लेकिन मेरी सफलता के कुछ लोग दुश्मन हैं और वे लोग मेरी सफलता को पचा नहीं सकते।

# अरशद नदीम, नीरज चोपड़ा के मुकाबले के बाद, रमीज राजा ने की भारत-पाक खेल प्रतिद्वंद्विता जारी रखने की अपील



**नई दिल्ली।** भाला फेंक प्रतियोगिता में पाकिस्तान के अरशद नदीम और भारत के नीरज चोपड़ा के बीच बढ़ती प्रतिद्वंद्विता ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा को प्रभावित किया है। अरशद नदीम ने पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल और नीरज चोपड़ा ने सिल्वर मेडल जीता है। रमीज रजा ने इस तरह की प्रतियोगिताओं के महत्व पर जोर दिया है, जो सीमाओं को पार करके दिलों को एकजुट करती हैं और दोनों देशों में एथलेटिक्स के कद को बढ़ाती हैं। नदीम ने पुरुष भाला फेंक प्रतियोगिता के फाइनल में 92.97 मीटर का ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो फेंका, जबकि चोपड़ा 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। रमीज राजा ने नदीम और चोपड़ा के बीच प्रतिस्पर्धा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आईएएनएस से बातचीत में कहा, दोनों महान चैंपियन हैं। और मैं चाहता हूं कि यह प्रतिद्वंद्विता जारी रहे क्योंकि यह एक अलग तरह की प्रतिद्वंद्विता है। आइए एक और प्रतिद्वंद्विता विकसित करें। राजा ने नदीम की एक छोटे से गांव से विश्व स्तर तक की यात्रा की प्रशंसा की। नदीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने उन्हें सफलता दिलाई। रमीज ने कहा, यह एक बड़ी कहानी है कि कैसे उन्होंने मियां चन्नू में एक छोटे से गांव से अपना सफर शुरू किया और बिना किसी मदद के यहां तक पहुंच गए। यह उनके लिए एक बड़ी जीत है। नदीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए, राजा ने आगे कहा, उनके बारे में सबसे आश्चर्यजनक बात उनका अपने स्वभाव पर नियंत्रण था। उन्होंने कोई अति उत्साहपूर्ण जश्न नहीं मनाया था। न ही उनके चेहरे पर फाइनल की घबराहट थी। वह बहुत शांत और सहज लग रहे थे। उनके अंदर जो लावा उबल रहा था, वह उनके थ्रो में दिखाई दे रहा था। रमीज राजा ने नीरज चोपड़ा की खेल भावना को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा, मुझे सबसे ज्यादा नीरज चोपड़ा का जमीन से जुड़ा स्वभाव पसंद आया। उन्होंने माना कि चोपड़ा उस दिन मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, नीरज चोपड़ा को उस दिन एक ऐसे भाला फेंक खिलाड़ी ने हराया जो उनसे बेहतर था। रमीज रजा ने भारत-पाकिस्तान के बीच अन्य स्पोर्ट्स में भी और इवेंट कराने की बात की। उन्होंने कहा कि फैंस को राजनीति की वजह से दोनों देशों के बीच के खेल इवेंट से वंचित नहीं करना चाहिए। पूरी दुनिया को भारत-पाकिस्तान के खेल इवेंट का इंतजार रहता है। रमीज रजा ने कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे के खिलाफ खेलने के लिए आगे कदम बढ़ाने की जरूरत है।

# एक कोच के तौर पर दक्षिण अफ्रीका दौरा मेरे लिए सबसे मुश्किल भरे दिन थे : द्रविड़



**नई दिल्ली।** चीखते-चिल्लाते राहुल द्रविड़। गुस्से में लाल राहुल द्रविड़। अतिउत्साहित राहुल द्रविड़। इन तीनों परिस्थितियों के बारे में सोचना भी मुश्किल काम है। किसी भी क्रिकेट फैन ने इस तरह के द्रविड़ को ज्यादा से ज्यादा दो या तीन बार देखा होगा। उसमें से एक हालिया बीते टी20 विश्व कप के दौरान होगा, जहां वह अपनी आखों को बंद करते हुए और हाथ में टी 20 विश्व कप की ट्रॉफी लिए पूरी ताकत के साथ चिल्ला रहे थे। द्रविड़ ने हाल ही में अपने उस सेलीब्रेशन के बारे में खुल कर बात की और मजाकिया अंदाज में अपने बेटे के लिए भी कुछ विशेष कहा। द्रविड़ ने स्टारस्पोर्ट से कहा, ₹हम पिछले कुछ समय से कई बार बड़ी ट्रॉफी के करीब आ रहे थे। हम टी 20 विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचे, हमने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला और वनडे विश्व कप में भी हम फाइनल में थे। लेकिन हमारी टीम ट्रॉफी प्राप्त करने के लिए आखिरी लाइन को पार करने में सफल नहीं हो पा रही थी। हालांकि टी 20 विश्व कप जीतने के बाद मुझे अपनी टीम के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए काफी अच्छा महसूस हो रहा था, जिन्होंने पिछले ढाई सालों से काफी मेहनत की है। इसी कारण से मैं उस तरह सेलीब्रेट कर रहा था। कुल मिला कर राहत और खुशी बाहर निकल कर सामने आ रही थी। हालांकि एक बात यह भी है कि मुझे उस तरह से सेलीब्रेट करने के बारे में थोड़ा सतर्क होना पड़ेगा। मेरा बेटा मुझे देख कर सोच रहा होगा कि 'पता नहीं मेरे पिता क्या कर रहे हैं' (हंसते हुए)। द्रविड़ ने अपनी कोचिंग का प्रभार नवंबर 2021 में संभाला था। उनका पहला विदेशी दौरा उस देश में था, जहां भारत ने कभी भी कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती था। जब द्रविड़ से पूछा गया कि भारतीय टीम के कोच रहते हुए, उनके लिए सबसे मुश्किल समय कौन सा था तो उन्होंने अपने पहले दक्षिण अफ्रीकी दौरे के बारे में बात की। उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका दौरा हमारे लिए काफी मुश्किल दौरा था। हमने उसे दौरे पर सेंचुरियन में पहला टेस्ट जीत लिया था। हम सबको पता था कि दक्षिण अफ्रीका में हमने कभी भी कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। हमारे लिए यह बहुत बड़ा मौका था। हालांकि एक बात यह भी है कि हमारी टीम में कई सीनियर खिलाड़ी तब मौजूद नहीं थे। रोहित शर्मा तब चोटिल होने के कारण टीम से बाहर थे। कुछ और सीनियर खिलाड़ी भी टीम में नहीं थे। बाकी के दोनों टेस्ट मैच काफी करीबी हुए। दोनों टेस्ट मैचों की तीसरी पारी में हमारे पास बड़ा मौका था। हालांकि तब दक्षिण अफ्रीका की टीम ने काफी बेहतर खेल दिखाया था और चौथी पारी में उन्होंने अच्छा चेज किया। मैं कहूंगा कि भारतीय टीम का कोच रहते हुए यह मेरे लिए सबसे मुश्किल भरे दिन थे। हालांकि वहां से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला। वहां हमने अपने गेम के बारे में बहुत कुछ सीखा और यह भी सीखा कि हमें किन चीजों पर काम करने की जरूरत है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि कोच के तौर पर आपको हमेशा एक जैसे दिन देखने को नहीं मिलेंगे। उतार-चढ़ाव आता रहेगा। यह समझने की जरूरत है कि आपको हमेशा जीत नहीं मिलने वाली है। बाकी की टीमें भी खेलने ही आई हैं और आप विश्व स्तरीय टीमों का सामना कर रहे हैं।

## ट्रायल्स में कमियां नहीं रहती तो हमारे पास भी मेडल होता: शिवानी

**इंदौर।** एशियाई महिला कुश्ती चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाली मध्य प्रदेश की महिला पहलवान शिवानी पंवार इस बार ओलंपिक में चयन से वंचित रही। इंदौर आई शिवानी ने अमर उजाला से विशेष चर्चा की और कहा कि खेल में नियम बहुत ज्यादा मायने रखते है। नियमों के हिसाब से स्पर्धा होती है। ओलंपिक के लिए जब कुश्ती पहलवानों का चयन हो रहा था तो नियम ब्रेक किए गए।

# मेरे पास अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका है: एडम जम्पा




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा को हाल के वर्षों में प्रथम श्रेणी में कम खेलने के बावजूद प्रतिष्ठित बैगी ग्रीन कैप पहनने की उम्मीद है। जम्पा, जो ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के सेटअप में एक प्रमुख सदस्य बन गए हैं, का मानना है कि उनका वर्तमान फॉर्म और अनुभव उन्हें टेस्ट चयन के लिए एक मजबूत दावेदार बना देगा, खासकर उपमहाद्वीप दौरों के लिए। जम्पा की टेस्ट आकांक्षाओं को पहली बार पिछले साल बल मिला जब उन्हें ऑस्ट्रेलिया के भारत के टेस्ट दौरे के लिए एक मजबूत उम्मीदवार माना गया। हालाँकि, चयनकताओं ने अंततः क्वींसलैंड के मिशेल स्वेप्सन को चुना, जिससे जम्पा निराश नहीं हुए। उन्होंने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट को बताया, मुझे लगता है, वास्तविक रूप से, (मेरे पास) अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका है। मैं जिस तरह से गेंदबाजी कर रहा हूं, जैसा गेंदबाज हूं, अगर मैं इस समय बहुत अधिक शील्ड क्रिकेट खेल रहा होता, तो सोचता कि मैं ठीक होता, मैं वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहा होता।

# स्पेन ने फ्रांस को हराकर फुटबॉल में स्वर्ण पदक जीता



**पेरिस।** स्पेन ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए मेजबान फ्रांस पर 5-3 की रोमांचक जीत के साथ पेरिस 2024 में ओलंपिक पुरुष स्वर्ण पदक हासिल किया। स्पेनियों ने एक उत्साही फ्रांसीसी वापसी को काबू करते हुए 1992 के बाद अपना पहला ओलंपिक खिताब जीता। थिएरी हेनरी द्वारा प्रबंधित मेजबान टीम ने मैच की शुरूआत में ही बढ़त हासिल कर ली, जिससे पेरिस की भीड़ खुशी से झूम उठी। हालाँकि, स्पेन ने तुरंत जवाब दिया और हाफ टाइम की सीटी बजने से पहले तीन त्वरित गोल करके स्थिति बदल दी। ऐसा लग रहा था कि 3-1 की स्कोर रेखा ने स्पेनियों को नियंत्रण में कर दिया था, लेकिन फ्रांस घरेलू धरती पर समर्पण करने के लिए तैयार नहीं था। दूसरे हाफ में फ्रांस ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया, जिससे मैच अतिरिक्त समय में चला गया। ऐसा प्रतीत हुआ कि गति फ्रांसीसियों के पास थी, लेकिन स्पेन के स्थानापन्न सर्जियो कैमेलो की अन्य योजनाएँ थीं। अतिरिक्त अवधि में, कैमेलो ने दो बार गोल किया, दोनों बार स्पेनिश खिलाड़ियों और प्रशंसकों के बीच जबरदस्त जश्न मनाया गया। रेयो वैलेकैनो फॉरवर्ड के निर्णायक हमलों ने स्पेन की जीत सुनिश्चित की और एक यादगार टूनार्मेंट का समापन किया। यह जीत अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्पेन की हालिया सफलता में इजाफा करती है।

# ओम सन पब्लिक स्कूल में हेड बॉय शिवांग व हेड गर्ल वेदांशी को चुना

## अनुशासन, समर्पण, शिक्षा, व्यवहार और डेकोरेशन शानदार : चौब सिंह वर्मा



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** ओम सन पब्लिक स्कूल में स्कूल के संविधान को बच्चों, स्टाफ और मुख्य अतिथि आई.ए.एस. चौब सिंह वर्मा की उपस्थिति में लागू कर दिया गया। मुख्य अतिथि चौब सिंह वर्मा ने गणपति व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया। स्कूल के चुने गए हेड बॉय शिवांग, हेड गर्ल वेदांशी, डिप्टी हेड बॉय निखिल, डिप्टी हेड गर्ल काजल, शेक्सपियर हाउस की कप्तान वंशिका, भारतेंदु हरिश्चंद्र हाउस की कप्तान पायल, मुंशी प्रेमचंद हाउस के कप्तान स्पर्श, मैथिलीशरण गुप्त हाउस की कप्तान गार्गी, डिसिप्लिन कप्तान हितेश, काव्या, कल्चरल कप्तान आयुष दूबे, वैष्णवी पूनिया, लिटरेरी कप्तान शुभ त्यागी, राशी, स्पोर्ट्स कप्तान अक्षांश त्यागी व गार्गी रहेंगे। सभी को मुख्य अतिथि चौब सिंह वर्मा आई.ए.एस ने विधिवत शपथ दिलाई और कार्य की बागडोर सौंप दी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अशोक गुप्ता ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन शुभ त्यागी व प्रेरणा ने किया। आयोजन का श्रेय स्कूल वाइस प्रिंसिपल डा. पूर्णिमा वार्ष्णेय और एकेडमिक डायरेक्टर अनुराग गुप्ता के साथ अनुशासन समिति से रीतू दास, छवि रस्तोगी, उषा चौधरी, ओमप्रकाश, गजेन्द्र त्यागी का रहा ।

### बाइक चोर को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बाइक चोर को लोगों ने मौके से दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। गांव फफराना निवासी प्रशांत चैधरी अपने मित्र कस्बा पतला निवासी राहुल शर्मा के साथ दिल्ली मेरठ मार्ग पर राज चौपले पर किसी काम से आए थे। वह बाइक खड़ी करके सामान खरीद रहे थे।

इसी बीच उनकी बाइक को एक युवक स्टार्ट करके ले जाने लगा। इसी बीच प्रशांत चौधरी ने शोर मचा दिया। लोगों ने बदमाश को बाइक सहित दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक चोर को जेल भेज दिया है।

# पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने छात्रों का किया मार्गदर्शन

## डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन में आशीर्वचन कार्यक्रम



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन में आशीर्वचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाजियाबाद कमिश्नरेट के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा रहे। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. डॉ. डीके मोदी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि अजय कुमार मिश्रा ने अपने संवाद में छात्रों को आज की टेक्नोलॉजी का उपयोग सही कार्यों में करने तथा उसके दुरुपयोग को रोके जाने पर बल दिया। कार्यक्रम में फाउंडेशन की समस्त संस्थाओं के डायरेक्टर, प्रिंसिपल, छात्र-छात्राएं, मीडिया प्रभारी व मोदीनगर के गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।




# सोशल मीडिया से कब सबक लेगी खाकी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में सोशल मीडिया पर खाकी की वायरल वीडियो पहले भी हंगामा मचा चुकी हैं और अभी भी सिलसिला जारी है। वहीं प्रेमनगरी पुलिस कमिश्नरेट में जैसा मामला सामने आया, उसके बाद यहां पर सख्ती नहीं देखी जा रही है। सुनने में आया है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अंडर ट्रेनिंग और कई ऐसे पुराने और वरिष्ठ पुलिस कर्मचारी हैं जो सोशल मीडिया की पुलिस संहिता की धज्जियां उड़ा रहे हैं। वह सोशल मीडिया पर खुलकर वर्दी में रील बनाते हैं अलग-अलग पोस्ट डालते हैं और जो काम उनको नहीं करने चाहिए वह वो भी खुल्लम-खुल्ला कर रहे हैं। राजनैतिक पोस्ट से लेकर धार्मिक मामलों में उनकी बेबाक राय परेशानी दे सकती है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारियों की भरमार है लेकिन सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग और पुलिस की खराब हो रही छवि सुधारने को लेकर कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। कई ऐसे पुलिसकर्मी हैं जो वर्दी में और एक खाकीदारी होने के बावजूद ऐसी वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डालते हैं जिससे ना सिर्फ वर्दी की छवि खराब होती है बल्कि पुलिसकर्मियों पर भी सवाल उठते हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इस वर्ष ही कई पुलिसकर्मियों पर गंभीर कार्रवाई की गई है। उनको सस्पेंड करने के साथ ही विभागीय जांच जैसी कार्रवाई का शिकार बनाया गया। इन सबके बावजूद भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सोशल मीडिया पर खाकी की फ्रीडम पर ब्रेक नहीं लग रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिन मामलों में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है उनकी जानकारी मिल जाती है और वह कार्रवाई का शिकार होते हैं। न जाने कितने ऐसे अकाउंट हैं जो सोशल मीडिया की खुलकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कई पुलिसकर्मी तो ऐसे हैं जो विदेशी यात्रा और वर्दी में ऐसे रोल निभा रहे हैं जो उचित नहीं है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में आईपीएस अधिकारियों की तैनाती होने के बावजूद भी उनके निचले स्तर के कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों पर एक्शन ना होना बता रहा है कि कहीं ना कहीं सोशल मीडिया की छूट का खाकी वाले खुलकर बेजा इस्तेमाल भी कर रहे हैं। देखना होगा कि कमिश्नरेट गाजियाबाद में सोशल मीडिया पर खाकी पर उंगलियां उठने वालों पर कब कार्रवाई वाला डंडा चलता है।



# सड़क पर भरे पानी में करंट उतरने से बेजुबान जानवर की मौत



**लोनी, करंट क्राइम।** सादुल्लाबाद रोड पर अंजलि विहार कॉलोनी के सामने भरे पानी में करंट उतरने से शनिवार को फिर एक सांड की मौत हो गई। बता दें कि शुक्रवार शाम एक बैल की करंट लगने से मौत हो गई थी। विद्युत विभाग मामले की जांच कराकर समस्या का निस्तारण करा रहा है। सादुल्लाबाद गांव के सामने सड़क किनारे एक विद्युत ट्रांसफार्मर रखा हुआ है जिसकी वजह से सड़क पर भरे पानी में करंट उतर रहा है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि इस रास्ते से रोजाना हजारों लोग आवागमन करते हैं तथा स्कूली बच्चे भी इस रास्ते से बड़ी संख्या में गुजरते हैं। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार का कहना है कि सड़क पर लीकेज हो रहे करंट की समस्या का निस्तारण करने के लिए विद्युत कर्मियों की टीम मौके पर जांच कर रही है।

# एसआरएम कैंपस में 27वें इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसआरएम आईएसटी एनसीआर परिसर के ईश्वरीय सभागार में संस्थान के निदेशक डॉ. एस विश्वनाथन के मार्गदर्शन में सत्र 2024-2028 के विद्यार्थियों के लिए 27वें इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसआरएम के कुलपति डॉ. सी मुथामिझचेलवन, मुख्य अतिथि डॉ. रविन्द्र कुमार सोनी, सलाहकार.द्वितीय, विनियमन ब्यूरो, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, एसआरएम एनसीआर निदेशक डॉ. एस विश्वनाथन, डीन आरपी महापात्रा, डीन विज्ञान एवं मानविकी डॉ. नवीन अहलावत, डीन प्रबंधन डॉ. एमएन मिश्रा, डीन आईक्यूएसी डॉ. धौम्या भट्ट ने दीप प्रज्वलित करके किया। डायरेक्टर डॉ. एस विश्वनाथन ने प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं को संस्थान में चल रहे सभी शाखों के बारे में बताया। तत्पश्चात एसआरएम के कुलपति डॉ. सी मुथामिझचेलवन ने छात्रों को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डॉ. रविन्द्र कुमार सोनी, एडवाइजर रेगुलेशन ब्यूरो, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल जीवन का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह स्वयं ही जीवन है। एसआरएम एनसीआर के डीन डॉ. आरपी महापात्रा ने सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. गरिमा पांडे, डॉ. रुपाली सिंह, डॉ. पल्लवी जैन, सभी विभाग अध्यक्ष व शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

## न्यूज डायरी

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध की हालत गंभीर



**लोनी, करंट क्राइम।** सड़क हादसे में घायल वृद्ध की हालत गंभीर बनी हुई है। वह दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती हैं। उनके पुत्र ने शनिवार को घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। अंकुर विहार थाने शंकर विहार कॉलोनी निवासी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि चार अगस्त की दोपहर दो बजे उसके पिता जगपाल सिंह बाइक पर सवार होकर खाना खाने के लिए अपने घर जा रहे थे। खजूरी पुस्ता मार्ग पर सभापुर चौराहा के सामने तेज गति से आ रही एक ईको कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### मकान मालिक के पुत्र पर छेड़छाड़ का आरोप




**लोनी, करंट क्राइम।** एक युवती ने मकान मालिक के पुत्र पर शादी का झांसा देकर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ट्रॉनिका सिटी थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली युवती का आरोप है कि मकान मालिक का पुत्र अक्सर मीठी-मीटी बातें करते हुए उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ छेड़छाड़ करता था। जब उसने शादी करने को कहा तो उसने इंकार कर दिया। पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### विद्युत उपभोक्ता को बिजलीघर के कमरे में बंधक बनाकर पीटा

**लोनी, करंट क्राइम।** बिजली ना आने की शिकायत दर्ज कराने पहुंचे युवक को विद्युतकर्मी ने एक घंटे तक कमरे में बंधक बनाए रखा और उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से शिकायत के बाद लोनी बार्डर थाने में आरोपी विद्युतकर्मी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पीड़ित का आरोप है कि अब भी कन्हैया आते-जाते उसे गंदी-गंदी गालियां देता है। पीड़ित ने कन्हैया के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने स्थानीय पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने उसकी सुनवाई नही की। जिस पर पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर शनिवार को लोनी बार्डर थाने में पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### युवक पर चलाई गोली लगाया आरोप

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव कन्नौजा में सड़क पर कार खड़ी लेकर हुए विवाद में दंबगों ने एक युवक पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कन्नौजा निवासी सोनू शर्मा का शुक्रवार रात को सड़क पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। उस समय तो गांव के लोगों ने विवाद को शांत करा दिया। शनिवार सुबह सोनू शर्मा अपने घर जा रहे थे। आरोप है कि इसी बीच दंबगों ने सोनू शर्मा पर दो फायर कर दिए।

# भाजपा मंडल मोदीनगर के तत्वावधान में बैठक का आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भाजपा मंडल मोदीनगर के तत्वावधान में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने की। मुख्यवक्ता जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर होने वाले हर घर तिरंगा अभियान के विषय में विस्तार से बताया। इस मौके पर पूर्व चैयरमैन अशोक महेश्वरी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सत्यवीर राघव, नगर अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, स्वदेश जैन, महेश तायल, राजकुमार तंवर, ड. अनिला आर्य, देवेंद्र चैधरी, स्तुति गुप्ता, प्रदीप बॉस, मयंक शर्मा, अरुण खन्ना, हेमंत पालीवाल, सुभाष सांगवान, अनिल सेन, सौरभ शर्मा, आशीष कश्यप, दौलत राम जांगिड़, पिंकी चैधरी, पुष्पा शर्मा, कुसुम निगम, अरुण, सत्येंद्र पाल सिंह, लोकेश चैधरी, मधुसूदन शर्मा, कृष्णपाल सेन, अंजली चैधरी, नीरज तेवतिया, आकाश शर्मा, दीपा वर्मा, मनीषा ठाकुर आदि कार्यकर्ताबंधु उपस्थित रहें।

# बिजली के खंभे की चपेट में आकर मजदूर की मौत

## ग्रामीणों ने किया हंगामा मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को नौकरी का लिखित आश्वासन मिलने के बाद हुए शांत



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव नेकपुर में खेत में काम करने जा रहे मजदूर की बिजली के जर्जर पोल की चपेट में आकर मौत हो गई। बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप व मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। दस लाख रुपए का मुआवजा व सविदाकर्मी पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी मिलने का लिखित आश्वासन मिलने के बाद परिजन शांत हुए। गांव नेकपुर निवासी 39 वर्षीय भूषण कुमार अपनी पत्नी बंटी चार बच्चों के साथ रहते थे। वह खेतों में मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करते थे। शनिवार को खेत में ईख की बधाई करने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि खेत में काम करके वापस अपने घर आ रहे थे। इसी बीच वह एक बिजली के खंभे की चपेट में आ गए और करंट लगने से जमीन पर गिर गए। बताया जा रहा है कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली का खंभा सीमेंट का है ,लेकिन वह जर्जर हो गया है। खंभे से लोहे के तार दिख रहे थे और उनमें ही करंट उतर रहा था। बिजली के खंभे की चपेट में आकर करंट लगने से हुई भूषण कुमार की मौत के बाद सैकड़ों ग्रामीण एकत्र हो गए और उन्होने हंगामा करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक मुआवजे का एलान नहीं किया जाएगा,तब शव को नहीं उठने दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर खंभों को बदलने की मांग काफी समय से की जा रही है। कई बार इसकी शिकायत भी दी गई ,लेकिन कोई काम नहीं किया गया। हंगामा बढ़ने की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत करने का प्रयास किया। लेकिन वह बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। हंगामा बढ़ने पर बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी शंशाक अग्रवाल व अवर अभियंता अमित प्रताप सिंह अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होने नियमानुसार दस लाख रुपए का मुआवजा व मृतक की पत्नी को सविदा कर्मचारी पद नौकरी देने का लिखित में आश्वासन दिया। लिखित में आश्वासन मिलने के बाद ही ग्रामीण शांत हुए।एसीपी मसूरी सर्किल गाजियाबाद नरेश कुमार का कहना है कि बिजली की पोल की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है। यदि तहरीर आती है तो रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। अधिशासी अभियंता मोदीनगर ,मुरादनगर महेश उपाध्याय का कहना है कि मजदूर की मौत के मामले में जांच कमेटी गठित कर दी गई है। अवर अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मृतक मजदूर के परिवार को नियमानुसार आर्थिक सहायता दी जाएगी।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारम्भ



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मिलेनियम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भोजपुर ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलायी और पेट में होने वाले कृमि के प्रति स्कूल के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर स्कूल संस्थापक मधुर नेहरा, दीपक, रियासत अली आदि व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एसी में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसी में शार्ट सर्किट होने से मकान में आग लग गई। दमकल की गाड़ी ने एक घंटे के अंदर आग पर काबू पाया। नगर की गोविन्दपुरी कॉलोनी निवासी विनीत भाटिया परिवार सहित रहते हैं। बुधवार देर रात डेढ़ बजे के आसपास अचानक घर के ऊपर वाले फ्लोर में बने कमरे में आग लग गई। परिवार के सभी लोग बाहर आ गए। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



### मार्ग पर पड़े कूड़े की बदबू से ग्रामीण परेशान

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक माह पूर्व नाले से निकाला गया कूड़ा आज भी वहीं पड़ा है। जिस कारण ग्रामीणों को बदबू की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस परेशानी के बारे में संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि तीन दिन के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने महाराजपुर के पार्क में किया पौधरोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 के भाजपा पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने शनिवार को गांव महाराजपुर सरकारी स्कूल के सामने पार्क में किया पौधरोपण। इस मौके पर समाजसेवियों ने लोगों को हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। पार्षद ने उद्यान विभाग की तरफ से भी पौधरोपण के लिए मदद दिलाने का भरोसा दिया। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि महाराजपुर सरकारी स्कूल के सामने वाले पार्क में लगभग 81 पौधे लगाकर वहां हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इसमें स्थानीय लोगों का भी सहयोग मिला। इस मौके पर राकेश मिश्रा, अनिल चौधरी, प्रमोद गुप्ता, हाजी शकील, सुपरवाइजर सोहन लाल आदि लोग उपस्थित थे।

# लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में विभागीय बौद्धिक गणित मेला प्रतियोगिता हुई संपन्न




**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में विभागीय बौद्धिक ₹गणित मेला₹ प्रतियोगिता संपन्न हुई ' जिसमें 10 स्कूलों के 160 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया ' कार्यक्रम के संयोजक रवीश प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर मंडोला, सहसंयोजक शिव शंकर रहे ' स्कूल के अध्यक्ष विनोद जिंदल, प्रबंधक सुमित कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अरविंद भारतीय ,प्रधानाचार्य महेश बाबू ने स्थान प्राप्त छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ' प्रतियोगिताओं में प्रदर्श(मॉडल) में प्रथम स्थान अंशु शर्मा मुरादनगर ,द्वितीय भूमि श्री नोएडा ,तृतीय सागर शर्मा साहिबाबाद,पत्र वाचन में प्रथम निशीथ मुरादनगर ,द्वितीय ध्रुव, नेहरू नगर, तृतीय स्थान पर लक्ष्य पुंडीर ,नोएडा स्कूल रहा ' अन्य प्रतियोगिताओं में प्रथम -आदित्य पाल ,लक्ष्य पांडे ,मुकुल चौहान, कृष्ण चंद्र, साक्षी हर्ष कुमार आस्था, प्रज्वल मिश्रा, अंशु, अंकित कुमार ,जयश्री वास्तव, हर्षवर्धन ,वर्णित ,तानिया तथा द्वितीय स्थान पर प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं -शिवांश जोशी, भावना सिंह ,रिंकी ,शिवम कुमार, निशा शर्मा ,चंद्रभान, शुभ कुमार, प्रिंस,रमन सिंह ,आदर्श उपाध्याय, विशेष ,राधिका, दिव्यांश मौर्य , अनन्या,अंबिका, शुभम वर्मा ,तथा तृतीय स्थान पर- चेतन, अनिरुद्ध ,अंकित कुमार, नितिन गोयल ,प्रियांशु ,कनिष्क, आयुष्मान, वंशिका ,पारुल, सागरशर्मा ,चिंटू अभिषेक ,वंशिका सिंह, सार्थक चौधरी, मुस्कान, कुणाल शुक्ला, रहे स्कूल के प्रधानाचार्य महेश बाबू ने सभी को इसी प्रकार आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया कार्यक्रम कार्यक्रम को सफल बनाने में सुधीर गॉड, विशाल शर्मा, महेश तोमर ,अरविंद कुमार,तुषार शर्मा, मीनू चौधरी, पल्लवी ,सीमा , मेघा यादव, तानिया जैन,रेखा, कुंती बिंदल, सविता त्यागी ,वर्षा ,वर्षा शर्मा ,अभिषेक गोयल ,अंकित कुमार ,डीएस राणा ,मोनू सिंह सहयोगी रहे तथा सर्वव्यवस्था प्रमुख उप प्रधानाचार्य कमल सिंह व हरीश त्यागी रहे '

# हापुड़ पुलिस ने 10 हजार के इनामी को किया गिरफ्तार



**हापुड।** हापुड़ की बाबूगढ़ पुलिस ने चक्रसैनपुर उर्फ बाबूगढ़ में घर लौट रही महिला अधिवक्ता पर फायरिंग करने वाले 10 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। महिला अधिवक्ता पर फायरिंग करने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पीड़िता अधिवक्ता के पिता ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि उनकी पुत्री हापुड़ कचहरी से घर लौट रही थी। जैसे ही वह बछलौता रोड पर बाबा फार्म हाउस से घर की ओर चली तभी गांव के ही चार युवकों ने उनकी बेटी को रोका और गाली गलौज की गई। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उनकी पुत्री पर फायर कर दिया। गोली से उसकी बेटी का मोबाइल फोन टूट गया और वह घायल हो गई। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि शनिवार को पुलिस टीम बनखंडा नहर के पास संदिग्ध लोगों और वाहनों की तलाश कर रही थी। इसी बीच एक संदिग्ध बाइक सवार आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो आरोपी भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# स्थानीय लोगों ने बताया आंखों देखा हाल, कहा- आसमान से नीचे चक्कर खाते हुए गिरा विमान



## 61 लोगों को ले जा रहा विमान ब्राजील में दुर्घटनाग्रस्त, सभी की मौत

**ब्रसीलिया।** ब्राजील के साओ पाउलो राज्य के विन्हेडो शहर में एक यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें मौजूद सभी लोगों की मौत हो गई। विमान में 57 यात्रियों समेत चालक दल के चार सदस्य शामिल थे। घटनास्थल की तस्वीरों और वीडियो से पता चलता है कि दुर्घटना के बाद विमान का मलबा आसपास फैल गया। सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में देखा गया कि विमान अचानक आसमान से नीचे की तरफ चक्कर लगाते हुए गिरा। हालांकि, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया कि विमान दुर्घटना का कारण क्या था। कुछ चश्मदीद गवाहों ने इस भयानक क्षण का दृश्य बयां किया।

### स्थानीय लोगों ने बताया आंखों देखा हाल

49 वर्षीय ट्रक चालक मार्टिंस बारबोसा मीडिया के सामने आंखो देखा हाल का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब यह घटना घटी, तब वह काम कर रहे थे। यह हादसा उनके घर से 150 मीटर की दूरी पर हुआ। उन्होंने कहा, मुझे लगा यह मेरे घर पर गिरा। घर के अंदर मेरा बेटा था। इस घटना के बारे में सुनकर उन्हें निराशा हुई। हालांकि, उनके परिवार वाले सुरक्षित हैं। नथैली सिकारी जो घटनास्थल से कुछ ही दूर रहती है, ने कहा, इसका असर खतरनाक था। मैं दोपहर का खाना खा रही थी। इस दौरान मैंने बहुत ही तेज आवाज सुनी।

मैं तुरंत बालकनी में गई। मैंने एक विमान को चक्कर खाते हुए नीचे गिरते देखा। कुछ सेकेंड में मुझे एहसास हुआ कि यह किसी विमान के लिए सामान्य गतिविधि नहीं थी। इस हादसे में सिकारी को कुछ भी नहीं हुआ, लेकिन उसे वह स्थान काली करना पड़ा, क्योंकि विमान दुर्घटना के बाद वहं सबकुछ काला हो गया था।

एक अन्य स्थानीय निवासी रिकार्डो रॉडरिक्स ने कहा, मैं घटनास्थल पर पहुंचा। मैंने कई शवों को जमीन पर देखा। इस हादसे के बाद अब पीड़ितों के अवशेषों की पहचान जारी है। ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है, जिससे पूछताछ में मदद मिलेगी। बता दें कि क्रैश से पहले विमान के अगले हिस्से से धुआं निकलता देखा गया। फिलहाल हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

ब्राजील के टेलीविजन नेटवर्क ग्लोबोन्यूज के मुताबिक नागरिक सुरक्षा विभाग ने बताया है कि विमान रिहायशी इलाके में गिरा। इस दौरान वह कई घरों से टकराया। वोएपास विमान कास्केवेल से रवाना हुआ था और साओ पाओलो के रास्ते पर था।

# गाजा में स्कूल पर इस्राइल की एयर स्ट्राइक, 100 से ज्यादा की मौत

- हमास का कमांड सेंटर होने का आरोप



**गाजा।** गाजा में एक स्कूल पर हुए हमले में 100 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। इस हमले में बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। हमले का आरोप इस्राइल पर लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस स्कूल में विस्थापित शरणार्थियों ने शरण ली हुई थी। वहीं इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने हमास के कमांड सेंटर को निशाना बनाया है।

### मीडिया रिपोर्ट्स में दावा- नमाज पढ़ने के दौरान हुआ हमला

गाजा सिटी के अल- सहाबा इलाके के अल-तबैइन स्कूल को निशाना बनाया गया। गाजा के सरकारी मीडिया के अनुसार, 'इस्राइली हवाई हमले में शरणार्थियों को निशाना बनाया गया, जब लोग फज्र की नमाज पढ़ रहे थे।' शुरूआत में कहा गया कि हमले में 40 लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हुए। हालांकि बाद में मृतकों का आंकड़ा 100 के पार चला गया। इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने हमास आतंकियों के एक कमांड सेंटर को निशाना बनाया है। इस्राइली सेना ने कहा कि आतंकी आम नागरिकों को ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहे थे। गौरतलब है कि बीते दिनों में इस्राइल ने गाजा और हमास नेताओं पर ताबड़तोड़ हमले किए हैं। कुछ दिनों पहले गोलन हाइट्स स्थित इस्राइल के कब्जे वाले इलाके में हिजबुल्ला के रॉकेट हमले में 12 बच्चों की मौत हो गई थी। इस हमले के जवाब में इस्राइल ने हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडर को बेरूत में ढेर कर दिया था। इसके 24 घंटे बाद ही ईरान की राजधानी तेहरान में हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानिया की भी हत्या कर दी गई थी। इसका भी आरोप इस्राइल पर लगा। हानिया की हत्या के बाद ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया और ईरान ने इस्राइल पर हमले की धमकी दी है।

# राष्ट्रपति मुइज्जू से मिले भारत के विदेश मंत्री

## चीन की बढ़ती चहलकदमी के बीच सुरक्षा संबंधों पर बात



**माले।** भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर तीन दिवसीय मालदीव दौरे पर हैं। शनिवार को डॉ. एस जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान जयशंकर ने दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों की जनता को फायदा मिलेगा। बीते वर्ष मोहम्मद मुइज्जू मालदीव के राष्ट्रपति चुने गए थे। उनके राष्ट्रपति बनने के बाद भारत की तरफ से यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात के बाद गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुलाकात के दौरान दोनों देशों के लोगों की भलाई के लिए आपसी संबंधों को मजबूत करने पर भारत की प्रतिबद्धता जताई।

### मालदीव से रक्षा मंत्री घासन मौमून से भी की मुलाकात

इससे पहले डॉ. एस जयशंकर मे मालदीव के रक्षा मंत्री घासन मौमून के साथ मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर चर्चा की गई। इसके अलावा दोनों देशों ने समुद्री क्षेत्र में शांति और स्थायित्व बरकरार रखने के लिए आपसी हितों को साझा किया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर डॉ. जयशंकर ने लिखा, ह्यमालदीव के रक्षा मंत्री घासन मौमून के साथ एक बहुत अच्छी मुलाकात हुई। दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान समुद्री सुरक्षा को लेकर पहल की गई और इस क्षेत्र में शांति और स्थायित्व बरकरार रखने के लिए आपसी हितों को साझा किया गया।

### मालदीव में चीन की बढ़ती चहलकदमी

आपको बता दें कि मालदीव में चीन की चहलकदमी बढ़ती जा रही है। बीते वर्ष मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति चुने जाने बाद मालदीव और चीन के बीच सैन्य सहयोग बढ़ रहा है। मालदीव के बंदरगाह में चीन के अत्याधुनिक अनुसंधान जहाज को खड़ा किया गया है। इसके अलावा चीन और मालदीव के बीच द्विपक्षीय सैन्य समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं।

# प्रदर्शनकारियों ने शीर्ष अदालत को घेरा, मुख्य न्यायाधीश ओबैदुल हसन ने किया इस्तीफे का एलान



**ढाका।** बांग्लादेश में हिंसा का दौर लगातार जारी है। शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट का घेराव कर दिया। बताया जा रहा है कि इसके बाद बांग्लादेश के मुख्य न्यायाधीश ओबैदुल हसन ने इस्तीफे का एलान कर दिया है। प्रदर्शन दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्य न्यायाधीश और अपीलीय विभाग को दोपहर एक बजे तक इस्तीफा देने की चेतावनी दी।

### प्रदर्शनकारियों ने दी थी इस्तीफा देने की चेतावनी

शनिवार की शाम को बांग्लादेश के मुख्य न्यायाधीश ओबैदुल हसन राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन से मुलाकात करेंगे। प्रदर्शनकारियों द्वारा अदालत परिसर का घेराव करने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने इस्तीफे का एलान किया है। बताया गया है कि प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर तय किए गए समय तक सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीशों ने इस्तीफा नहीं दिया तो उनके घरों का घेराव किया जाएगा। सुबह 10.30 बजे तक छात्रों और वकीलों समेत सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में जुटना शुरू कर दिया। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान मुख्य न्यायाधीश और अपीलीय विभाग को इस्तीफा देने की चेतावनी दी।

### युवा एवं खेल मंत्रालय के सलाहकार ने मांगा था इस्तीफा

इससे पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ महमूद ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक पोस्ट साझा की थी। अपनी पोस्ट में उन्होंने मुख्य न्यायाधीश ओबैदुल हसन से बिना शर्त माफी की मांग की थी। इसके अलावा आसिफ महमूद ने अदालत की बैठकों पर रोक लगाने की भी चेतावनी दी।

### शेख हसीना के विश्वासपात्र माने जाते हैं ओबैदुल हसन

उधर, प्रदर्शन के बीच बांग्लादेश के मुख्य न्यायाधीश ने भी शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के साथ होने वाली अदालती बैठकों को स्थगित कर दिया। यह बैठक इसलिए बुलाई गई थी कि अदालत का कामकाज वास्वत में चलेगा या नहीं? ओबैदुल हसन को बीते वर्ष शीर्ष अदालत का संचालन करने के लिए नियुक्त किया गया था। ओबैदुल हसन को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का विश्वासपात्र माना जाता है।

# 'अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य 205 बार हुए हमलों के शिकार'

## हमारा जीवन विनाशकारी स्थिति पर पहुंच गया है, हम रात में जागकर अपने घरों और मंदिरों की रक्षा कर रहे है

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। दो हिंदू संगठनों के अनुसार, पांच अगस्त के बाद से 52 जिलों में 205 हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं। बांग्लादेश हिंदू बुद्ध ईसाई एकता परिषद और बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद ने शुक्रवार को अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को एक चिट्ठी लिखी। इस चिट्ठी में उन्होंने आंकड़े पेश किए, जिसमें उन्होंने हिंसा की घटनाओं का जिक्र किया।

एकता परिषद के तीन अध्यक्षों में से एक निर्मल रोसारियो ने कहा, हम सुरक्षा चाहते हैं, क्योंकि हमारा जीवन विनाशकारी स्थिति पर पहुंच गया है। हम रात में जागकर अपने घरों और मंदिरों की रक्षा कर रहे हैं। मैंने इससे पहले अपने जीवन में इससे पहले ऐसा कुछ नहीं देखा। हम सरकार से देश में सांप्रदायिक सौहार्द्र बहाल करने की मांग करते हैं। उन्होंने अंतरिम सरकार से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की अपील की है। इस चिट्ठी में बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के महासचिव राणा दासगुप्ता और बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद के अध्यक्ष बासुदेव धर ने हस्ताक्षर भी किया। इस चिट्ठी में कहा गया, जब लोगों की जीत मंजिल की तरफ बढ़ रही है तो हम दुखी मन से इसे देख रहे हैं। क्योंकि अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंसा को अंजाम देकर इस उपलब्धि को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। इस हिंसा ने अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के मन में डर, चिंता और अनिश्चितता पैदा कर दी है। हम इस स्थिति को जल्द से जल्द खत्म करने की मांग करते हैं।

एकता परिषद के एक सदस्य ने कहा, अल्पसंख्यकों पर हमला करने वालों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। अगर राजनीतिक कारणों से अल्पसंख्यकों पर हमला किया जाता है तो इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो भी अपराध करता है, उसका न्याय किया जाना चाहिए, लेकिन घरों को जलाने और लूटपाट से इसका समाधान नहीं निकलेगा। उन्होंने आगे कहा, हिंदू समुदाय के कई सदस्य अपने घरों से भागकर दूसरे के घरों में शरण ले रहे हैं। मैं भी, अपने दोस्त के घर में रहने के लिए मजबूर हूं।



### आरक्षण के विरोध से भड़की हिंसा

बांग्लादेश में 1971 में देश की आजादी के लिए लड़ने वाले स्वतंत्रतता सेनानियों के लिए तय किए आरक्षण के खिलाफ जुलाई में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। धीरे-धीरे ये विरोध प्रदर्शन पूरे देश में फैल गए और छात्रों द्वारा प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग की जाने लगी। ये विरोध प्रदर्शन इतने हिंसक हो गए कि पांच अगस्त को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। शेख हसीना फिलहाल भारत में हैं। वहीं बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में गुरुवार को अंतरिम सरकार का गठन किया जाना है। इस अंतरिम सरकार की देखरेख में ही अगले कुछ महीनों में चुनाव कराए जाने की बात कही गई है।



# बांग्लादेश में हिंदू विरोधी हिंसा पर अमेरिकी सांसद ने जताई चिंता

**वॉशिंगटन।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा में वृद्धि को देखते हुए अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकन से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को रोकने और इसमें जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने के लिए अंतरिम सरकार से संपर्क करने का आग्रह किया। उन्होंने इस मामले में एक चिट्ठी भी लिखी। राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, मैं आपको बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति और शेख हसीना के इस्तीफे के बाद हिंदू विरोधी हिंसा में वृद्दि को लेकर लिख रहा हूं। अब मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हो चुका है। यह अत्यंत आवश्यक है कि अमेरिका हिंसा को समाप्त करने और अपराधियों को न्याय दिलाने के लिए उनकी सरकार के साथ जुड़े।

एक विदेशी मीडिया के अनुसार, शेख हसीना के इस्तीफे के बाद हिंसा में 60 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने मीडिया को बताया कि इस सप्ताह देश के 64 में से 45 जिलों में ज्यादातर हिंदू घरों और मंदिरों को निशाना बनाया गया। सैकड़ों हिदू बांग्लादेश से भागकर भारत आने का प्रयास कर रहे हैं।

राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, अफसोस की बात, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जब बांग्लादेश में सरकार विरोध प्रदर्शनों ने हिंदू विरोधी हिंसा का रूप ले लिया हो। 2021 में हिंदू विरोधी दंगों ने नौ लोगों की जान ले ली थी। इस दंगे में सैकड़ों घर, कारोबार और मंदिर नष्ट हो गए थे। 2017 में 107 हिंदुओं की मौत हो गई थी और 37 लोग लापता हो गए थे। उन्होंने चिट्ठी में आगे लिखा, ₹बांग्लादेश में हिंसा और अस्थिरता स्पष्ट रूप से अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के हित में नहीं है। मैं आपसे मुख्य सलाहकार यूनुस की सरकार के साथ सीधे तौर पर बात करने का आग्रह करता हूं।बता दें कि नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन हो चुका है। 84 वर्षीय यूनुस को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने राष्ट्रपति महल 'बंगभवन' में शपथ दिलाई।

### आरक्षण के विरोध से भड़की हिंसा

बांग्लादेश में 1971 में देश की आजादी के लिए लड़ने वाले स्वतंत्रतता सेनानियों के लिए तय किए आरक्षण के खिलाफ जुलाई में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। धीरे-धीरे ये विरोध प्रदर्शन पूरे देश में फैल गए और छात्रों द्वारा प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग की जाने लगी। ये विरोध प्रदर्शन इतने हिंसक हो गए कि बीती 5 अगस्त को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। शेख हसीना फिलहाल भारत में हैं। वहीं बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में गुरुवार को अंतरिम सरकार का गठन किया जाना है। इस अंतरिम सरकार की देखरेख में ही अगले कुछ महीनों में चुनाव कराए जाने की बात कही गई है।

## इस्राइल पर हमले को लेकर ईरान में दो फाड

# राष्ट्रपति और ताकतवर रिवोल्यूशनरी गार्ड्स में ठनी

**तेहरान।** हमास के नेता इस्माइल हानिया की तेहरान में हत्या के बाद से ईरान और इस्राइल के बीच तनाव चरम पर है। ईरान ने हानिया की मौत का इस्राइल से बदला लेने का एलान किया है। इसके बाद इस्राइल समेत पूरे पश्चिम एशिया में अलर्ट का माहौल है। हालांकि अब खबर आ रही है कि ईरान की सरकार में ही इस्राइल पर हमले को लेकर दो फाड़ हो गई है।

### राष्ट्रपति और आईआरजीसी में मतभेद

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के नवनियुक्त राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और ईरान के ताकतवर सैन्य बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स में इस्राइल पर हमले के मुद्दे पर मतभेद उभर आए हैं। राष्ट्रपति पेजेशकियन जहां इस्राइल के नागरिक ठिकानों पर हमले के पक्ष में नहीं हैं, वहीं इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स इस्राइल के नागरिक ठिकानों पर मिसाइल और रॉकेट हमलों के पक्ष में है। राष्ट्रपति पेजेशकियन, जिन्हें उदारवादी माना जाता है, उनका मानना है कि इस्राइल के कई शहरों में नागरिक ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमले से युद्ध भड़क सकता है। उनका मानना है कि इस्राइल के साथ सीधे युद्ध में जाने से ईरान को भारी नुकसान हो सकता है। राष्ट्रपति पेजेशकियन का मानना है कि इस्राइल के बाहर मौजूद इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद के ठिकानों को निशाना बनाया जाना चाहिए। वह अजरबैजान और इराकी कुर्दिस्तान में स्थित मोसाद के कथित ठिकानों को निशाना बनाने के पक्ष में है और इसके लिए पहले दोनों देशों की सरकारों को सूचित भी करना चाहते हैं ताकि किसी भी विवाद से बचा जा सके।



### ईरान की सरकार में आईआरजीसी का खासा दबदबा

वहीं ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई को रिपोर्ट करने वाला सैन्य बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ईरान में काफी ताकतवर माना जाता है और ईरान की सरकार में भी इसका काफी प्रभाव है। आईआरजीसी चाहता है कि इस्राइल पर सीधा हमला किया जाए और कई शहरों को निशाना बनाया जाए। आईआरजीसी की योजना है कि हिजबुल्ला के साथ मिलकर इस्राइल की राजधानी तेल अवीव पर हमला किया जाए। आईआरजीसी की एलीट फोर्स कुद्स फोर्स के कमांडर इस्माइल कानी भी इस्राइल पर बड़े हमले के पक्ष में हैं।

# 15 साल का कार्यकाल अल्पसंख्यकों के लिए सबसे सुरक्षित रहा


**वॉशिंगटन।** राजनीतिक उथल पुथल से जूझ रहे बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हो चुका है। 17 सदस्यीय सलाहकार परिषद में कई दिग्गजों को शामिल किया गया है। ऐसे में पूरी दुनिया की नजरें इस बात पर हैं कि भू-राजनीतिक घटनाक्रम किस तरह बदलेगा। अमेरिका और चीन के साथ-साथ भारत भी पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। ताजा घटनाक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अमेरिकी शहर वॉशिंगटन से कई अहम सवालों के जवाब दिए। लगातार 15 साल देश की सत्ता पर आसीन रहीं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय ने बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर भी बात की।

### 'पिछले 15 साल बांग्लादेश के इतिहास में अल्पसंख्यकों के लिए सबसे सुरक्षित रहे'

बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों से जुड़े एक सवाल पर जॉय ने कहा, देश के इतिहास में सिर्फ शेख हसीना की सरकार ही रही है जिसने बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को सुरक्षित रखने और बांग्लादेश को सभी उग्रवाद और हिंसा से सुरक्षित रखने में खुद को साबित किया है। पिछले 15 साल बांग्लादेश के इतिहास में अल्पसंख्यकों के लिए सबसे सुरक्षित रहे हैं।

# ताइवान की हवाई सीमा में दाखिल हुए चीन के 22 लड़ाकू विमान

**ताइपे।** चीन और ताइवान के बीच जमीन को लेकर जंग जारी है। चीन लगातार ताइवान के क्षेत्र को अपना बताता आया है और किसी भी हाल में वहां कब्जा करना चाहता है। इस बीच ताइवान के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि चीन ने एक बार फिर से उसके क्षेत्र में घुसपैठ की है। बताया गया है कि ताइवान की हवाई सीमा के आस पास चीन के 28 लड़ाकू विमान देखे गए हुए। इनमें से 22 लड़ाकू विमान ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में दाखिल हुए। इसके अलावा ताइवान के जल क्षेत्र में चीन के 10 नौसेनिक जहाज देखे गए। साथ ही बताया गया है कि शुक्रवार सुबह छह बजे से लेकर शनिवार सुबह छह बजे ताइवान में चीन की घुसपैठ देखी गई।



### ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने क्या कहा?

ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 22 लड़ाकू विमान हवाई के जलडमरूमध्य को पार कर दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में दाखिल हुए। यह भी कहा गया है कि स्थिति को भांपते हुए चीन को इसका जवाब भी दिया गया। चीन की सेना के जवाब में, ताइवान ने भी तटीय क्षेत्र में अपने लड़ाकू विमानों, नौसैनिक जहाजों और मिसाइल सिस्टम को तैनात किया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा, आज सुबह छह बजे चीन की पीएलए 28 लड़ाकू विमान और करीब 10 नौसैनिक जहाज भीताइवान की सीमा पर देखे गए। इनमें से 22 लड़ाकू विमान मध्य रेखा को पार कर ताइवान के दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम में दाखिल हुए।




# फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज... : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने साहिबाबाद विधानसभा में पांच ओपन जिम का किया उद्घाटन

## हमारा प्रयास देशवासी रहें स्वस्थ और मजबूत : कैबिनेट मंत्री

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधानसभा में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शनिवार को विधायक निधि से लगे पांच ओपन जिम का उद्घाटन किया। ये ओपन जिम वार्ड 83 अंगूरी पार्क 9 ब्लॉक राजेन्द्र नगर सैक्टर-3, वार्ड 10ए ब्लॉक सेन्ट्रल पार्क डीएलएफ,वार्ड 49 नन्दग्राम शहीद मेजर आशाराम त्यागी पार्क, वार्ड 50 राज नगर एक्टेंशन के कृष्णा एन्कलेव कॉलोनी व वार्ड 73 शालीमार गार्डन में एकता पार्क में स्थित हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि साहिबाबाद विधानसभा के विभिन्न वार्डों में लगाए गए ओपन जिमों को जनता के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि मॉर्निंग वॉक पर आने वाले क्षेत्रवासियों को सौगात मिली है। विधानसभा क्षेत्र के ज्यादातर पार्क में ऐसे ओपन जिम स्थापित हो रहे हैं, ताकि लोग हल्की-फुल्की करसत कर खुद को स्वस्थ रख सकें। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में लगातार विधायक निधि से ओपन जिम का निर्माण कराया





जा रहा है। व्यायाम करने से शरीर हृष्ट-पुष्ट रहता है तथा सारा दिन तरोताजा महसूस होता। इसलिए हम सबको प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के बदलते परिवेश में जहां मनुष्य के पास खुद के लिए समय नहीं है, वहां व्यायाम का महत्व और भी बढ़ जाता है। ओपन जिम जो आमजन को हर पल स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करेगा। यहां सुबह आने वाले लोगों को निःशुल्क जिम की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इन मशीनों पर हर आयु वर्ग के क्षेत्रवासी कसरत कर सकेंगे।


इस मौके भाजपा के वरिष्ठ नेता मानसिंह गोस्वामी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र त्यागी, पार्षद रेखा गोस्वामी, पार्षद कविता प्रवीण भाटी, पार्षद संजीव त्यागी, पूर्व पार्षद पवन रेड्डी, प्रवीण भाटी, राकेश त्यागी, दिनेश त्यागी, जितेंद्र, गजेंद्र त्यागी, राजकुमार त्यागी, हरिओम त्यागी, तेजपाल, सुधीर प्रजापति, जुगल किशोर, अशोक पटवाल, मृत्युंजय पंडित, एसपी सिंह पूर्व पार्षद कुलदीप कसाना पूर्व मंडल अध्यक्ष, संजय करोटिया, रविंदर नगर, विनोद कसाना पूर्व पार्षद मौजूद रहे।



# चंद्रनगर के बैंक्वट हॉल में भीषण आग दमकल की 7 गाड़ियों ने पाया काबू

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद स्थित लिंक रोड थाना क्षेत्र के चंद्रनगर स्थित देविका टॉवर में बने बैंक्वेट हॉल में शनिवार दोपहर को आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की सात गाड़ी मौके पर पहुंची।

गाजियाबाद के थाना लिंक रोड क्षेत्र में एक बैंकेट हॉल की ऊपरी मंजिल में आग लग गई। फिलहाल आग लगने का कारण एसी का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। दमकल की 7 गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हैं। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि वैशाली फायर स्टेशन को देवीका टावर में ओसियन बैंक्वट हॉल में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद साहिबाबाद फायर स्टेशन और वैशाली फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गई। आग बैंक्वट हॉल के सबसे ऊपरी मंजिल में पर लगी थी।





फिलहाल आग लगने का कारण एसी का शॉर्ट सर्किट समझा जा रहा है। गनीमत यह थी कि बैंक्वट हॉल खाली था। इस कारण से कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। हालांकि सजावट का सामान जल्दी आग पकड़ता है जिसकी वजह से आग ने भयंकर रूप लिया। आग के बादलों का गुब्बार आसमान तक जाता दिख रहा है। दमकल की सात गाड़ियां आग को काबू पाने की कोशिश में जुटी रहीं। स्थानीय निवासी दीपक ने बताया कि ऑफिस वेलफेयर एसोसिएशन ने बैंकट हॉल की जीडीए में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने बताया बैंकट हॉल में आग लगने टावर के 10 ऑफिस व दर्जनों दुकान आग से प्रभावित हुई है। समय रहते जीडीए उचित कार्रवाई करता तो शायद आज इन लोगों का नुकसान नहीं होता।

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी जरूरी : सांसद अतुल गर्ग

## आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुआ यंग इंडिया पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यंग इंडिया एवं आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय यंग इंडिया पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि अतुल गर्ग (सांसद गाजियाबाद), आईएमएस गाजियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन के एग्जीक्यूटिव कौंसिल मेंबर सी, विदुर छारिया, प्रीती अग्रवाल, (चेयर यंग इंडिया नोएडा चैप्टर), दर्शन मुथा (चेयर थालिर, यंग इंडिया), सौरभ अग्रवाल (चेयर थालिर यंग इंडिया) एवं संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा छात्र-छात्राओं को भारतीय संसद की कार्य प्रणाली व्यवस्था एवं उसकी संरचना से अवगत कराना रहा। जिसके अंतर्गत उपस्थित युवाओं नेअपनी-अपनी टीम पार्टी को बनाया एवं दिए गए मुद्दों पर चर्चा की एवं अपने विचार व्यक्त किये।

मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी के महत्व और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में युवा नेताओं की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम आज भी जारी रहेगा जिसमें 15 विजित छात्र छात्राओं को आगे नेशनल राउंड के लिए भेजा जाएगा। अतिथि रंजन द्विवेदी, (पूर्व आईपीएस) एवं अरविन्द कुमार (चीफ विजिलेंस अफसर ए आईपीएस) ने विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अनीता राम राख्यानी ने किया। कार्यक्रम का समापन उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया।

# रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली शाहदरा का वृद्धाश्रम में मेडिकल रूम स्थापित करने में सराहनीय योगदान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली शाहदरा की ओर से और रोटेरियन सीए सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में शनिवार को प्रमुख योगदानकर्ताओं रोटेरियन हिमांशु वर्मा और रोटेरियन मुकेश सिंघल के और उनके सहयोग से हम पूरे सेटअप की व्यवस्था करने में सक्षम हुए। आरसीडीएस ने सेक्टर 115 नोएडा में शनिवार को कृष्ण प्रेम रतन वृद्धाश्रम में मेडिकल रूम (जिसे हम आईसीयू सुविधाओं के बराबर कह सकते हैं) स्थापित करने में योगदान दिया। मेडिकल रूम के साथ, टीम ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर, व्हील चेयर और 10 सिंगल बेड उपलब्ध कराए। वहां मौजूद सदस्य, रोटेरियन विकास श्रीवास्तव शाहदरा, रोटेरियन अंकुर संगल, सीए अनिल कुमार जैन, रोटेरियन धीरज वर्मा, रोटेरियन दिलीप हरि, रोटेरियन मीनू सिंघल, रोटेरियन मुकेश सिंघल, रोटेरियन हिमांशु वर्मा, रोटेरियन हरीश मल्होत्रा, रोटेरियन एडवोकेट पंकज वालिया, रोटेरियन सुभाष गुप्ता,रोटेरियन अर्चना अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद दिया।









अध्यक्ष रोटेरियन सीए सुनील अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्गों की देखभाल एक जिम्मेदारी है जिसे हर किसी को उठाना चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके बुढ़ापे में उनका कर्ज चुकाएं।

# एसीपी रवि कुमार का हुआ गोरखपुर तबादला

## पुलिस में गुड वर्किंग और मधुर व्यवहार से बनाई थी कमिश्नरेट में अलग पहचान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से लगातार पुलिस अधिकारियों के तबादले का सिलसिला जारी है। शनिवार की देर शाम एक सात अधिकारियों की लिस्ट जारी हुई। जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह का पुलिस उपाधीक्षक जनपद गोरखपुर के लिए तबादला किया गया है। रवि कुमार सिंह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगभग 2 साल से अधिक कार्यरत रहे। यहां उनके द्वारा एसीपी ट्रैफिक और फिर लंबे समय तक एसीपी नंदग्राम का चार्ज चलाया गया। क्राइम कंट्रोल से लेकर वह लेखन और अपनी मधुर शैली के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पहचान बनाकर गए। यहां उन्होंने सोशल मीडिया सेल पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को भी बेहतर ढंग से संचालित किया। मूलरूप से बलिया के रहने वाले रवि कुमार सिंह द्वारा एक पुस्तक का लेखन भी किया गया है, जिसका नाम रिटर्न टिकट है। एसीपी रवि कुमार सिंह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारियों, नेताओं, पत्रकारों और सामाजिक संगठनों के बीच बेहतर छवि और अच्छा मैनेजमेंट के लिए जाने जाते थे। उनका सरल और मधुर स्वभाव पुलिसकर्मियों में भी अक्सर चर्चा का विषय रहता था। क्राइम कंट्रोल को लेकर उनके द्वारा तमाम महत्वपूर्ण घटनाओं का खुलासा और अपने अधिकारियों के निर्देशों का पालन करना भी विभाग के अधिकारियों की जुबान पर रहता था। अब उनको गोरखपुर भेजा गया है, देखना है कि उनकी वर्किंग वहां पुलिसिंग में किस प्रकार देखने को मिलेगी।

# नाग पंचमी पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्रावण मास नागपंचमी के अवसर पर शिव शक्ति धाम डासना की संस्था श्रीकृष्ण योगदान ट्रस्ट की ओर से मंदिर के अखाड़े में विशेष पूजा और यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके साथ ही अखाड़े में अभ्यास करने वाले युवाओं की एक सामान्य कुश्ती प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। ट्रस्ट के महामंत्री छोटे नरसिंहानंद अनिल यादव ने बताया कि जल्द ही गाजियाबाद के सभी पहलवानों के बीच दंगल आयोजित किया जाएगा। श्रीकृष्ण योगदान ट्रस्ट के महामंत्री छोटे नरसिंहानंद अनिल यादव ने बताया कि कुश्ती की सामान्य प्रतियोगिता खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए आयोजित की गई थी। छोटे नरसिंहानंद अनिल यादव ने कहा कि विनेश फोगाट का ओलंपिक से बाहर होना दुर्भाग्यपूर्ण है।





# शादी में मेहमान बनकर आया बदमाश

## 1 लाख कैश और ज्वैलरी चोरी की, बेचने से पहले पकड़ा गया

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने मैरिज होम से सोने-चांदी के आभूषण और कैश चोरी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से ज्वैलरी और 1 लाख रुपए नगद बरामद हुआ। चोर की पहचान उमेश सिसौदिया हुई है। इसे नोएडा के सेक्टर-73 मेन मार्केट से गिरफ्तार किया गया।

12 जुलाई को थाना सेक्टर-113 क्षेत्र स्थित एक मैरिज होम में शादी समारोह चल रहा था। उमेश सिसौदिया उसी शादी में मेहमान बनकर गया। काफी देर तक उसने मैरिज होम का जाएगा लिया। इसके बाद पता किया कि कहां पर गहने और नगदी रखी है। मालूम पड़ने पर कमरों में गया और मौका पाकर मैरिज होम से गहने व कुछ नकदी चोरी कर फरार हो गया। वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से इसकी पहचान की गई। इसके बाद टीम को एक्टिव किया गया। जिसके बाद इसे गिरफ्तार किया गया।



पुलिस ने बताया कि इसी तरह की चोरी इकोटेक-3 क्षेत्र में की थी। जिसमें 16 जुलाई को ये जेल गया था। वहां से जमानत पर बाहर आया और पहले से चोरी किए गए आभूषण को बेचने की फिराक में घूम रहा था। पूछताछ में ये उन खरीदारों के बारे में पता कर रही है जिसको मॉल बेचता था। इसके पास से 1 सोने का हार, 1 जोड़ी सोने के कंगन, 1 सोने का मांग टीका, 1 सोने की नथ, 1 जोड़ी कान के झुमका, दो जोड़ी चांदी की पायल और एक लाख रुपए नगद बरामद किए गए है।

# मकनपुर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मकनपुर गांव स्थित स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा प्राचीन शिव हनुमान मंदिर परिसर से शुरू हुई, गांव के कई मोहल्ले से होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक साध्वी श्रद्धा किशोरी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम त्यागी, अमित शर्मा, गणेश्वर शर्मा, सचिन शर्मा, कुलदीप, शर्मा, मदन शर्मा, सुषमा, शर्मा, रेखा त्यागी, दीपमाला आदि लोग मौजूद रहे।



## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

**Ankush Arora**
40m

पूरी दुनिया को हसाने वाले देश के बड़े कवि सरदार प्रताप फ़ौजदार के साथ हसी मज़ाक़ वाला पल....



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अंकुश अरोड़ा एक सामान्य यूथ हैं लेकिन असामान्य प्रतिभा के धनी हैं। शब्दों का बाउंसर कौन सी पिच पर कौन से बल्लेबाज के लिए फेंकना हैं,ये वो भलीभाती जानते हैं। सबको हंसाने वाले प्रताप सिंह फौजदार के साथ उन्होंने वो पल निकाला जब उन्हें भी हंसी आ गई। इस पल को फेसबुक पर साझा किया। मुस्कुराहट वाली ये पोस्ट, लाफ्टर वाली ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।